


आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 11 | रायपुर, शनिवार ,11 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 केन्द्र सरकार कृषि के ...

फिल्मों के अलावा ... 6


### दुर्ग के नगपुरा में मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम

## डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश की तस्वीर बदलने कार्य कर रही : शिवराज सिंह चौहान

### छग में लाखों गरीबों के चेहरों पर संतोष और खुशी का भावः मुख्यमंत्री साय







**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

केन्द्रीय कृषि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में विष्णु देव साय की डबल इंजन सरकार प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। वे आज दुर्ग जिले के नगपुरा में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के पैर पखार कर उनका अभिनंदन किया। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 लाख 3 हजार 384 नए आवासों की घोषणा की।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को आवास का वादा किया था, जो आज साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि देशभर में गरीबों को पक्के घर देने के इस ऐतिहासिक प्रयास के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में अब तक 8 लाख 47 हजार मकान पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को और अधिक समावेशी बनाने के लिए नई पात्रता मानदंड निर्धारित किया गया है, जिनमें अब अधिकतम आय सीमा बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित भूमि या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी अब इस योजना के तहत पात्र होंगे। हितग्राही अब स्वयं भी अपने आवास हेतु आवेदन और सर्वेक्षण कर सकते हैं।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेती–किसानी को बढ़ावा देने की दिशा में अद्भूत काम हो रहे हैं। फसलों का उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और फसल विविधिकरण पर जोर दिया जा रहा है। धान की नई–नई किस्में भी जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान आ रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना आरंभ की थी। छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार आई। डबल इंजन की सरकार बनी। हमने शपथ लेने के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक की और 18 लाख आवास स्वीकृत कर दिये। आज इस निर्णय से छत्तीसगढ़ के लाखों हितग्राहियों के चेहरे में संतोष नजर आता है। उन्होंने जो मकान का सपना देखा था, वो अब पूरा हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने अपनी सरकार का एक साल पूरा कर लिया है और जनता के समक्ष एक साल का रिपोर्ट कार्ड भी प्रस्तुत किया है। हमारी परीक्षा की घड़ी शपथ ग्रहण के बाद ही शुरू हुई थी और सबसे पहला वायदा कैबिनेट की बैठक में हमने पूरा कर दिया।

## कस्टम मिलिंग से बचा हुआ धान नीलाम करेगी सरकार



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।**

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और कस्टम मिलिंग के बाद बचे धान को नीलाम करने का निर्णय मंत्रिमंडलीय उप समिति ने लिया है। बैठक में मंत्री–मंडलीय उप समिति के सदस्य कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए।

बताया गया है कि अनुमानित 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी होगी। केन्द्रीय और राज्य पूल में 125 लाख मीट्रिक टन धान का निष्पादन हो सकेगा। लगभग अतिशेष 40 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी के लिए निविदा प्रक्रिया पर विचार–विमर्श किया गया। धान खरीदी के बाद फरवरी के दूसरे सप्ताह में नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने के निर्णय पर सहमति बनी है। अंतिम निर्णय मंत्रिपरिषद् की बैठक में तय होगा।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस खरीफ विपणन वर्ष में लगभग 160 से 165 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन संभावित है।

भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची रोके जाने की खबर, लीक हुए नामों को लेकर बढ़े असंतोष के चलते पार्टी ने किया फैसला

भारत सरकार से प्राप्त केन्द्रीय पूल में 70 लाख मीट्रिक टन चावल एवं नागरिक आपूर्ति निगम के राज्य पूल लक्ष्य में 14 लाख मीट्रिक टन चावल जमा किया जाना है। इससे लगभग 125 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण संभव होगा। वहीं लगभग 40 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण शेष रहेगा। जिसकी नीलामी कर निराकरण किया जाना है।

बैठक में खाद्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, सचिव अन्बलगन पी, कृषि विभाग की सचिव शहला निगार, वित्त विभाग के विशेष सचिव मुकेश बंसल, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, सहकारिता विभाग के आयुक्त कुलदीप शर्मा, खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र कुमार शुक्ला, मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा, नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक जे. महोबे, मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक एमएस सवन्नी, खाद्य विभाग के संयुक्त सचिव जीएस शिकरवार सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### एसीबी की कार्रवाई

## शिक्षा अधिकारी, क्लर्क और टीचर रिश्वत लेते गिरफ्तार



**सरगुजा (प्रतिदिन राजधानी)**

सरगुजा जिले के सीतापुर में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) के कार्यालय पर छापा मारकर एक बड़ा मामला उजागर किया है। कार्रवाई के दौरान एक खंड शिक्षा अधिकारी, एक क्लर्क, और एक शिक्षक को 15,000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप

सर्किट हाउस में ACB की टीम तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है, और अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों में अफरा–तफरी का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक, ACB को शिकायत मिली थी कि तीनों ने सरकारी काम के बदले रिश्वत की मांग की थी। इस शिकायत की पुष्टि होने पर टीम ने छापा मारा और तीनों को रंगे हाथों पकड़ लिया। फिलहाल, ACB की पूछताछ जारी है।

## नगरीय निकाय चुनावः अब ईवीएम से कराने की तैयारी, नियमों में होगा बदलाव



**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय निकाय चुनावों को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के जरिए कराने का निर्णय लिया है। मीडिया से चर्चा में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया की इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा तैयारियां शुरू कर दी हैं। अब प्रदेश में सभी शहरी निकायों के चुनावों में मतदान ईवीएम के जरिये कराया जाएगा।

हालांकि, वर्तमान में लागू नियमों के अनुसार निकाय चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाते हैं। ईवीएम से चुनाव कराने के लिए राज्य सरकार को नियमों में बदलाव करना होगा। इसमें थोड़ा वक्त लग सकता है क्योंकि इसकी प्रक्रिया थोड़ी लंबी है। अफसरों के अनुसार 2019 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने नियमों में संशोधन करके निकाय चुनाव बैलेट पेपर से कराया था। वही? नियम अभी भी लागू है, लेकिन अब विष्णुदेव साय सरकार ने निकाय चुनाव ईवीएम से कराने का मन बना लिया है।

इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग की तरफ से प्रस्ताव बनाकर राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। इसके आधार पर आयोग तैयारी शुरू करने के साथ ही वह प्रस्ताव विधि विभाग को परीक्षण के लिए भेजेगा। विधि विभाग की अनुमति मिलने नियमों में बदलाव कर दिया जाएगा।

## सर्च ऑपरेशन में आईईडी एक्सपर्ट समेत तीन हार्डकोर नक्सली ढेर

**सुकमा (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों की कायराना हरकतों के बीच सुरक्षाबलों को बड़ी सफ्लता मिली है। पालीगुड़ा–गुंडराजगुड़ेम इलाके में हुई मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन में तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इनमें दक्षिण बस्तर डिवीजन एवं पीएलजीए बटालियन क्रमांक 1 का IED एक्सपर्ट महेश के साथ माडवी नवीन उर्फ कोसा एसीएम पश्चिम बस्तर, अलवम भीमा एसीएम जोनागुडा के रूप में पहचान हुई है।



माओवादी महेश वर्ष 2023 में बेदरे तथा वर्ष 2024 में जगरगुण्ड़ा क्षेत्र में हुये घटनाओं में भी मास्टर माइंड रहा है. महेश के साथ अन्य दोनों नक्सलियों पर कुल मिलाकर 18 लाख रुपए का इनाम था. नक्सलियों के शव के साथ घटनास्थल से 2 बीजीएल लांचर, एक 12 बोर रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 8 जनवरी को जिला सुकमा डीआरजी, एसटीएफ एवं 203, 204, 206 208 CoBRA तथा 241, 131 CRPF की संयुक्त पार्टी शीर्ष माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर पालीगुड़ा–गुंडराजगुडेम क्षेत्र में रवाना हुई थी. अभियान के दौरान 9 जनवरी को सुबह 8 बजे ग्राम पालीगुड़ा–गुंडराजगुडेम के मध्य जंगल पहाड़ में सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो रूक–रूक कर चलती रही।

मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर तीन पुरुष हार्डकोर माओवादियों का शव हथियार सामग्री सहित बरामद हुआ. इनमें से पश्चिम बस्तर बीजापुर क्षेत्र निवासी कोरसा महेश पर 8 लाख रुपए, पश्चिम बस्तर बीजापुर निवासी माडवी नवीन उर्फ कोसा एसीएम पर 5 लाख और जोनागुड़ा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा निवासी अवलम भीमा एसीएम पर भी पांच लाख रुपए का ईनाम था.

मारे गए हार्डकोर माओवादी डिप्टी कमाण्डर पूर्व में PLGA बटालियन नंबर 01 का सक्रिय सदस्य कोरसा महेश आईईडी एक्सपर्ट था, जो जिले के महत्वपूर्ण कई घटनाओं में शामिल था. इनमें 17 दिसंबर 2023 में जगरगुण्डा थाना क्षेत्रान्तर्गत कैम्प बेदरे के नजदीक सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी की हत्या की घटना में शामिल था।

## गौ तस्करों को मुख्यमंत्री साय की दो टूक-सुधर जाए

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गौमाता की तस्करी और गौमांस की बिक्री को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, गौमांस की तस्करी न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि यह सनातन धर्म और सामाजिक सद्भाव पर गहरा आघात करता है। ऐसे अपराधियों के लिए छत्तीसगढ़ में कोई जगह नहीं है। वे या तो सुधर जाएं या प्रदेश छोड़ दें।

### गौमांस बिक्री के मामले में गिरफ्तारी

राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र के मोमिनपारा में गौमांस बिक्री के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने एक मकान में छापा मारा, जहां गौमांस काटने और बेचने का काम चल रहा था। मकान से गौमांस के टुकड़े, तराजू, चाकू और सप्लाई से जुड़े दस्तावेज मिले। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो रेड के दौरान भागने की कोशिश कर रहे थे।

रेड की सूचना पर बड़ी संख्या में गौ सेवक मौके पर पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी।

वहीं इस मामले में रायपुर SSP डॉ. लाल उम्मेद ने बताया कि गौमांस बिक्री की सूचना पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। रेड के दौरान मकान के तीन कमरों में गौमांस काटने और पैकिंग का काम चल रहा था। पुलिस ने मौके से सप्लाई से जुड़ी जानकारी भी बरामद की है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




## समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स एवं निर्वाचन व्यय संपरीक्षको को वी.सी. के माध्यम से दिया गप्रशिक्षण

### निर्वाचन व्यय,लेखा संधारण एवं प्रस्तुतिकरण के बारे में दी गई जानकारी

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के निर्देश एवं आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों के सुचारू और पारदर्शी संचालन हेतु निर्वाचन व्यय, लेखा संधारण और प्रस्तुतिकरण के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नवा रायपुर,अटल नगर स्थित आयोग के कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स और निर्वाचन व्यय संपरिक्षक शामिल हुए।



प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्वाचन व्यय से संबंधित दिशा–निर्देश, खर्चों का उचित लेखा–जोखा रखने की प्रक्रिया और प्रस्तुतिकरण के मानकों की जानकारी दी गई। साथ ही, व्यय सीमा का पालन सुनिश्चित करने और अनियमितताओं से बचने के लिए विशेष सावधानियों पर जोर दिया गया। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने सभी अधिकारियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति सतर्क रहने और नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया की अवधि में अभ्यर्थी को कम से कम दो बार अपने लेखे (केवल प्रारूप क) का निरीक्षण करने के लिए प्रस्तुत करना होगा। पहला निरीक्षण नामांकन से चार दिवस के भीतर और दूसरा निरीक्षण मतदान से दो दिवस पूर्व होगा। इसके अतिरिक्त भी जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी/व्यय प्रेक्षक आवश्यक समझें तो इन दो अवसरों के अतिरिक्त भी व्यय लेखा को निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करने को कह सकते हैं तथा लेखे का अंतिम विवरण परिणाम की घोषणा के 30 दिवस के भीतर जमा किया जायेगा।

प्रशिक्षण में अधिकारियों को जिला एवं संभाग स्तरीय एम.सी.एम.सी. कमेटी के गठन एवं उनके कार्यों के बारे में भी अवगत कराया गया। एमसीएमसी कमेटी द्वारा निगरानी का उद्देश्य यदि कोई समाचार या विश्लेषण पेड न्यूज़ की श्रेणी में है तो उसका व्यय अभ्यर्थी के खाते में जोड़े जाने के लिए रिटर्निंग अधिकारी को पत्र के द्वारा सूचित किया जायेगा। पेड न्यूज के मामले में नोटिस जारी करने का अधिकार रिटर्निंग अधिकारी को है। एमसीएमसी कमेटी रिटर्निंग अधिकारी को दी जा रही सूचना की प्रति व्यय प्रेक्षक को भी देगा। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्री राकेश डेढ़गवें ने प्रशिक्षण दिया। उपसचिव डॉ. नेहा कपूर एवं श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव ने भी अधिकारियों को निर्वाचन से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी।

## आईएएस रेणु पिल्ले बनीं छत्तीसगढ़ की कार्यवाहक मुख्य सचिव



**बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 14 से 21 जनवरी तक अवकाश पर रहेंगे। उनके अवकाश के दौरान प्रशासनिक जिम्मेदारियों को सुचारु रूप से संभालने के लिए एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव) रेणु पिल्ले को कार्यवाहक मुख्य सचिव का प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। आईएएस पिल्ले राज्य की प्रभारी मुख्य सचिव रहेंगी, ऐसे में उनका मौजूदा प्रभार उनके पास बना रहेगा।

## हाई कोर्ट का न्यायिक अधिकारियों को निर्देश, संपत्ति विवरण प्रस्तुत करें

**बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने राज्य में कार्यरत 526 न्यायिक अधिकारियों को अपनी संपत्तियों का पूरा विवरण समय पर प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। रजिस्ट्रार जनरल (विजिलेंस) आलोक कुमार ने इस संबंध में सभी जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को पत्र जारी किया है। इसमें निर्देश दिया गया है कि न्यायिक अधिकारी अपनी चल–अचल संपत्तियों का विवरण निर्धारित प्रारूप में जमा करें।

पत्र के अनुसार, सभी न्यायिक अधिकारियों को 31 दिसंबर 2024 तक अर्जित संपत्तियों का विवरण तैयार करना होगा। इसे 28 फरवरी 2025 तक हाई कोर्ट के ईमेल के साथ–साथ पंजीकृत डाक के माध्यम से हार्ड कॉपी में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों से संपत्ति विवरण प्राप्त कर उसकी जांच करें और तय समयसीमा के भीतर हाई कोर्ट को भेजें। किसी भी न्यायिक अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से हाई कोर्ट में संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं होगी। प्रक्रिया में चूक होने पर संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश को उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

न्यायिक अधिकारियों को चल संपत्तियों जैसे जेवरात, बैंक जमा, शेयर, निवेश, एफडी, पीपीएफ, जीपीएफ, एनएसएस, और अन्य वित्तीय संसाधनों के साथ अचल संपत्तियों जैसे जमीन, मकान, आदि का विवरण देना होगा। साथ ही, संपत्तियों को अर्जित करने के स्त्रोत भी स्पष्ट करने होंगे।

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 11, जनवरी 2025

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर**
मामले की श्रेणी :–राजस्व

संदर्भ :– जिला–रायपुर तहसील–रायपुर प.ह.नं.– 00082 सेजबाहारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक– **RD202425440727100062**

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00082 के अंतर्गत ग्राम सेजबहारा के वर्तमान भूमिस्वामी संजीवनी हाउसिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा पिता/पति–सी एल महावर पिता बी एल महावर पता–सा. रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 446/2(0.0083) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता देवेन्द्र अरोरा पिता/पति–त्रिलोक सिंग अरोरा पता–मस्जिद के सामने राजातालाब रायपुर तहसील व जिला रायुपर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/01/2025 को जारी किया जाता है।

Tulsi Rathore
अतिरिक्त तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**
मामले की श्रेणी :–राजस्व

संदर्भ :– जिला–रायपुर तहसील–रायपुर प.ह.नं.– 00081 बोरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक– **RD202425440726400060**

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00081 के अंतर्गत ग्राम बोरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी छ.ग. गृह मिर्माण मंडल पिता/पति–रायपुर पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1493/1(0.0198) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सतबीर सिंह वालिया पिता/पति–स्व. ए. एस. वालिया पता–रायपुर छ.ग. मनमीत कौर वालिया पिता/पति–सतबीर सिंह वालिया पता–रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/01/2025 को जारी किया जाता है।

Pawan kosma
तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**
मामले की श्रेणी :–राजस्व

संदर्भ :– जिला–रायपुर तहसील–रायपुर प.ह.नं.– 00041 दलदलसिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक– **RD202425440723800032**

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम दलदलसिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी ना. बा. संजयकुमार व वो वली पिता गोपाल पिता/पति–यादव व पंछाराम यादव पता–सा. देवेन्द्रनगर, रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 687/85 (0.0550) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री संजय कुमार यादव पिता/पति–पिता श्री गोपाल यादव पता–निवासी दलदलसिवनी बिजली ऑफिस के पास रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/01/2025 को जारी किया जाता है।

Pawan kosma
तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**
मामले की श्रेणी :–राजस्व

संदर्भ :– जिला–रायपुर तहसील–रायपुर प.ह.नं.– 00041 दलदलसिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक– **RD202425440723800033**

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम दलदलसिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी ना. संजय पिता वो वली गोपाल यादव पिता/पति–पिता पंछा राम पता–सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 661/5(0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री संजय कुमार यादव पिता/पति–पिता श्री गोपाल यादव पता–निवासी दलदलसिवनी बिजली ऑफिस के पास रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावी आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/01/2025 को जारी किया जाता है।

Pawan kosma
तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर (छ.ग.)**
मामले की श्रेणी :–राजस्व

संदर्भ :– जिला–रायपुर तहसील–रायपुर प.ह.नं.– 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक– **RD202425440725600147**

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी वल्लभ भाई पटेल हाउसिंग सोसायटी मार्फत सेकेटरी वल्लभ भाई पिता/पति–नेमीचंद पता–सदर बाजार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 258/1(0.0484) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सूरज कुमार गजघाटे पिता/पति–स्व. देवराव गजघाटे पता–बाबु जगजीवन राम वार्ड, सुदामा नगरी, रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8 A रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/01/2025 को जारी किया जाता है।

Jyoti Singh
नायब तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /202501110200030 /बी–121/2023–24

रायपुर , दिनांक 30/12/2024 ग्राम सड्डू प.ह.नं. 109/44, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन अभियंता छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, संभाग–02. शंकर नगर रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक/2174/कार्य अभि./ संभाग–02/24 दिनांक 29.07.2024 के द्वारा ग्राम सड्डू प.ह.नं. 109/44, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 255, 256 एवं 260 रकबा क्रमशः 0.1420, 1.092, 0.1010 हे. कुल रकबा 1.335 हे. (3.30 एकड़) भूमि सामान्य आवास योजना के क्रियान्वयन हेतु छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, संभाग–02, शंकर नगर रायपुर को हस्तांतरण/आबंटन हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर रायपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 15/01/2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.202501114300005 /117अ –20 (1) वर्ष 2024–25
नवीनीकरण
पेशी दिनांक 23.01.2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण शंकर असरानी, विष्णु असरानी एवं आशीष असरानी सभी के पिता स्व. श्री निर्मल असरानी निवासी कटोरातालाब रायपुर जिला रायपुर छ.ग. के अधिवक्ता द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा कटोरातालाब स्थित ब्लाक नं बी प्लाट नंबर 120 रकबा 1750 वर्गफीट भूमि आवेदकगण के नाम पर दर्ज है। पट्टे की अवधि समाप्त हो गयी है। जिसके नवीनीकरण हेतु आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ पट्टे की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्तित अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 23.01.2025 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक–07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 09/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल
मुहर रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ....ब /121
ग्राम –बेनीडीह

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि आवेदक यशवंत निषाद पिता श्री बिसरू निषाद ग्राम– बेनीडीह तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री रोशनी के जन्म दिनांक 04.12.2010 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा / आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 21/01/2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुहर आरंग (छ.ग.)

# कलेक्टर वर्मा ने निर्माणधीन आंगनबाड़ी भवनों की गुणवत्ता की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए

## दशरंगपुर के निर्माणाधीन भवन में खामियां, कलेक्टर ने मॉनिटरिंग पर जताई नाराजगी



**कवर्धा ,प्रतिदिन राजधानी**

राज्य शासन की स्वीकृति से कबीरधाम जिले में बच्चों और महिलाओं के पोषण और शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए दस करोड़ बावन लाख रूपए की लागत से 90 नए आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इन भवनों का निर्माण कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखंडों में हो रहा है। इनमें कवर्धा विकासखंड में 19, बोड़ला में 35, पंडरिया में 31 और सहसपुर लोहारा में 5 भवन बन रहे हैं। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम दशरंगपुर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन क्रमांक–1 का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण में गंभीर खामियां पाई गईं। दीवारों के ऊपर बने स्लैब कमजोर थे और टाइल्स लगाने से पहले बेस मजबूत नहीं था। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी भवन बच्चों की शिक्षा और पोषण का आधार होते हैं। यदि इन भवनों की नींव ही कमजोर होगी, तो यह भविष्य में गंभीर समस्याएं खड़ी कर सकता है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने संबंधित निर्माण एजेंसी और जनपद पंचायत की मॉनिटरिंग व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण प्रक्रिया की हर स्तर पर गहनता से जांच होनी चाहिए और तय समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य को पूरा किया जाए। कलेक्टर ने जिले के कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखंडों के सीईओ और तकनीकी सहायकों को निर्देश दिए कि वे सभी निर्माणाधीन भवनों का नियमित निरीक्षण करें और मॉनिटरिंग रिपोर्ट सीधे उनके कार्यालय में प्रस्तुत करें। राज्य सरकार की स्वीकृति के तहत इन भवनों का निर्माण जिले के बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कलेक्टर ने विशेष रूप से सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग और निर्धारित मानकों का पालन करने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र भवन न केवल बच्चों की शिक्षा का केंद्र है, बल्कि उनके जीवन के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है। गुणवत्ताहीन निर्माण भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के तहत पूरे जिले में निर्माणाधीन 90 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने इन भवनों की गुणवत्ता पर विशेष मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी खामी को समय रहते दूर किया जा सके।

# पोंगरो में जीआईएस आधारित आईएनआरएम कार्यशाला हुआ संपन्न

**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में कांसाबेल विकासखंड के ग्राम पंचायत पोंगरो में जीआईएस आधारित आईएनआरएम योजना कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्व सहायता



समूहों और समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ–साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए। जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार ने कार्यशाला के दौरान जल संरक्षण और संसाधनों के सतत प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों को जल संवर्धन के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने क्षेत्रीय भ्रमण के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न फसल उत्पादन के तरीकों से अवगत कराया और अधिक आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और सतत विकास के लिए योजनाएं बनाना न केवल जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। कार्यशाला में श्री आशुतोष नंदा और पलाश अग्रवाल ने प्रतिभागियों को पोंगरो क्लस्टर के विभिन्न गांवों के जीआईएस नक्शों का उपयोग सिखाया। जिससे वे जल और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन की तकनीकों को बेहतर तरीके से समझ सकें। व्यावहारिक अनुभव के लिए स्थानीय क्षेत्रों का दौरा भी कराया गया। इस कार्यशाला में जनपद सीईओ कांसाबेल श्री प्रमोद सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी श्री मिथिलेश पैकरा, पीआरआईएफ के सदस्य श्री आशुतोष नंदा, पलाश अग्रवाल, अरूल सिंह, दिव्या प्रियदर्शनी, सहित विभिन्न अधिकारी–कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जशपुर जिले के अधिकारियों और ग्रामीणों को जल व प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में दक्ष बनाना और सतत विकास की दिशा में प्रभावी योजनाएं तैयार करना था।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./17354/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 09/01/2025

इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 17354**
**वार्ड का नाम -2 पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802G00262** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BIRENDRA KUMAR MISHRA** पिता/पति श्री/श्रीमती **RAMSWAROOP MISHRA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **AYUSH DWIVEDI** पिता/पति श्री/श्रीमती **NARENDRA DWIVEDI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 शिक्षकों और 3 संकुल समन्वयकों को किया गया सम्मानित



**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी।** जिले में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए 6 शिक्षकों और 03 संकुल समन्वयकों को डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर ने शुक्रवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस संबंध में विनोबा टीम के प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने बताया कि जिले के शिक्षकों द्वारा अक्टूबर और नवंबर माह में किये गए शिक्षकीय कार्यों एवं नवाचारी गतिविधियों को विनोबा ऐप्प में अपलोड किया था। गतिविधियों के विश्लेषण के पश्चात उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों को चयनित किया गया था। उल्लेखनीय है कि विनोबा ऐप्प की टीम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफ़एलएन, जवाहर नवोदय परीक्षा की तैयारी में सहयोग के साथ डाटा कलेक्शन का कार्य यशस्वी जशपुर के समन्वय में कर रही है। यह कार्यक्रम कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के द्वारा संचालित कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्राथमिक शाला पंडरीअम्बा के लोकेश कुमार शड़ंगी, माध्यमिक शाला गमहरिया के ऐलन साहू , प्राथमिक शाला रजौटी की अर्चना यादव, माध्यमिक शाला डुमरटोली के संजीव कुमार यादव, प्राथमिक शाला गर्जियाभटान की माधुरी यादव, कन्या आश्रम कांसाबेल की सुमन रवानी, संकुल समन्वयक डुमरटोली के अजित सिदार, संकुल समन्वयक गम्हरिया के प्रहलाद सिदार , संकुल समन्वयक कोलेंझरिया के जितेंद्र कुमार पैकरा को सम्मानित किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ....ब /121
ग्राम –आरंग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि आवेदक चरण दास पनिका पिता श्री तिजऊ दास पनिका ग्राम– आरंग तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री सोनबती के जन्म दिनांक 13.03.1992 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा / आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 24/01/2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुहर आरंग (छ.ग.)

**कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर**
प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पुर्व कार्नर) सेक्टर 27 नवा रायपुर, अटल नगर,जिला–रायपुर
फोन नंबर 0771–4016094,
ई: मेल E-mail Id: em_zone2@yahoo.com

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर रायपुर में सेक्टर–30 में मुख्यमंत्री सह प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ई.डब्ल्यू.एस. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक **SEC-30/F.F BL-03/102** आबंटी श्रीमति नीलिमा तिवारी एवं श्री दुष्यंत तिवारी पता–ब्राम्हणपारा मोहभट्टा रोड़ वार्ड नं. 06 बेमेतरा (छ.ग.) के संयुक्त नाम से आबंटित किया गया है।

आबंटी द्वारा उक्त भवन का राशि रू. 3,50,000/– जमा कर दिनांक 10.05.2019 को रजिस्ट्री निष्पादन किया गया है एवं इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 13372–13374 दिनांक 04.12.2019 के द्वारा आधिपत्य आदेश जारी किया गया है। श्रीमति नीलिमा तिवारी की मृत्यु दिनांक 22.07.2021 को हो गया है। श्री दुष्यंत तिवारी ने अपने पत्नि की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र, एवं सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्री दुष्यंत तिवारी के नाम से यथावत रखने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र, राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर

**कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**
फोन नंबर 0771–2991574
ई–मेल–eocghbzone03@gmail.com

**आम–सूचना**

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला, कॉलोनी, रायपुर में स्थित भवन क्रमांक **BANYAN–I/79**, श्री नरेश चन्द काबरा पिता स्व. श्री परसराम जी काबरा, के नाम से एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड दिनांक 23.07.2015 को पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 9404 दिनांक 07.08.2015 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी श्री नरेश चन्द काबरा पिता स्व. श्री परसराम जी काबरा, निवासी– गोबरा नयापारा तहसील गोबरा जिला–रायपुर, (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री अभिषेक कुमार अनंत पिता श्री सुरेश कुमार अनंत, निवासी– ग्राम–कोरबा, तहसील व जिला–कोरबा, (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (**NOC**) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यया बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई–मेल:– rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 17388/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 10/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17388**
**वार्ड का नाम -7-कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR226I1050A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUJATA RAI** पिता/पति श्री/श्रीमती **GAUTAM RAI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती श्री प्रवीण कुमार वर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता कौशल वर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई–मेल:– rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 17395/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 10/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17395**
**वार्ड का नाम -51-पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR328ZK0055** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **Jawaharlal charynani** पिता/पति श्री/श्रीमती **Kishanchand charynani** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती अविनाश चरयानी पिता/पति श्री/श्रीमती स्व.जवाहर लाल चरयानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ वसीयत नामा / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई–मेल:– rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 17399/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 10/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17399**
**वार्ड का नाम -33-श.वीरनारायण सिंह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 33 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR332J00175** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **Jawaharlal charynani** पिता/पति श्री/श्रीमती **Kishanchand charynani** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती अविनाश चरयानी पिता/पति श्री/श्रीमती स्व.जवाहर लाल चरयानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ वसीयत नामा / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई–मेल:– rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 17415/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 10/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17415**
**वार्ड का नाम -7-कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR226E0073O** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOMATI DHIWAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **GIRDHARI DHIWAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती सावन धीवर पिता/पति श्री/श्रीमती गिरधारी धीवर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ मलमा बिक्रीनामा / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई–मेल:– rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 17424/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 10/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17424**
**वार्ड का नाम -31-ने.सुभाषचंद्र बोस**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR229F00129** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MR. PUNU RAM PAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **MR. BIKU RAM PAL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती भरत राम पाल पिता/पति श्री/श्रीमती स्व.पुनऊ राम पाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू एवं टीम ने किया मध्य प्रदेश के मरीज की सफल हार्ट सर्जरी

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राज्य के सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं में दिनों दिन वृद्धि हो रही है। इसका नतीजा है कि स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में पंडित नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय से संबध्द डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के प्रति लोगों का विश्वास दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। इस संस्थान के विभिन्न विभागों के डॉक्टरों की समर्पित टीम एवं पैरामेडिकल स्टाफ की बदौलत जटिल से जटिल मेडिकल केस में डॉक्टरों को सफलता मिली है। यही वजह है कि न केवल राज्य बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीज भी यहां उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने मध्यप्रदेश निवासी एक मरीज की एक बार फिर सफल ओपन हार्ट सर्जरी की है। हार्ट सर्जरी का यह केस इसलिए विशेष है क्योंकि मरीज का हृदय मात्र 35 प्रतिशत ही काम कर



रहा था। मरीज को रूमैटिक हार्ट डिजीज नामक बीमारी थी जिसके कारण मरीज के दो वाल्व क्रमश: एओर्टिक वाल्व और माइट्रल वाल्व में सिकुड़न थी एवं तीसरे वाल्व ट्राइकस्पिड वाल्व में लीकेज था। विभागाध्यक्ष हार्ट सर्जरी डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में हुए इस ऑपरेशन में मरीज के हृदय के इन दोनों वाल्व को टाइटेनियम मेटल के वाल्व से बदला गया एवं तीसरे वाल्व को रिपेयर किया गया। सर्जरी के पश्चात् मरीज के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है एवं एक-दो दिन बाद मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। यह ऑपरेशन शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान योजना के अंतर्गत पूर्णतया निशुल्क हुआ है। अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर कहते हैं कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के साथ हमारी कोशिश रहती है कि मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा का लाभ मिले। मध्यप्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों के मरीजों का भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत यहां उपचार संभव हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के ऐसे विस्तार ने अम्बेडकर अस्पताल के प्रति लोगों का भरोसा बरकरार रखा है। मध्यप्रदेश के अनूपपुर निवासी 52 वर्षीय मरीज को चार साल से सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। जरा सा भी काम करने पर सांस फूल रहा था। शुरूआत में स्थानीय डॉक्टरों द्वारा अस्थमा की बीमारी की तरह उपचार किया गया। बाद में दूसरे डॉक्टरों से जांच कराने पर पता चला कि मरीज के हार्ट के चार में से तीन वाल्व खराब हो गये हैं। चूंकि 3 वाल्व बदलना बहुत ही चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन होता है इसलिए मरीज के शुभचिंतकों ने उसे अम्बेडकर अस्पताल जाने की सलाह दी। फिर भी मरीज मध्यप्रदेश के जाने माने हार्ट सेंटर में गया परंतु वहां मरीज को विश्वास नहीं हुआ फिर अन्य सेंटर में 5 लाख से भी अधिक का खर्च बताया गया इसलिए अंततोगत्वा मरीज अम्बेडकर अस्पताल पहुंचा। अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के द्वारा मरीज की पुन: जांच की गई और उनको हार्ट के तीनों वाल्व के ऑपरेशन के बारे में बताया चूंकि इस मरीज की किडनी भी कमजोर थी एवं उसका क्रिएटिनिन भी 1.5 एमजी बढ़ा हुआ जिससे ऑपरेशन और अधिक रिस्की होने के बारे में बताया एवं कई बार ऐसे मरीजों की किडनी बाईपास के बाद खराब हो जाती है और डायलिसिस की नौबत आ सकती है फिर भी मरीज अपना ऑपरेशन अम्बेडकर अस्पताल के हार्ट सर्जरी विभाग में

# केन्द्र सरकार कृषि के साथ उद्यानिकी और बागवानी फसलों को दे रही बढ़ावा - केंद्रीय कृषि मंत्री

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आने वाले समय में धान के साथ-साथ सब्जी और फलों का भी कटोरा बनेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी और बागवानी फसलों को बढ़ावा दे रही है। केन्द्रीय मंत्री चौहान आज दुर्ग जिले के ग्राम खपरी में आयोजित तीन दिवसीय किसान सम्मेलन के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने इस अवसर पर प्रगतिशील किसान संघ द्वारा निर्मित भवन का लोकार्पण तथा प्रशिक्षण केन्द्र का भूमिपूजन किया गया। साथ ही 13 जनवरी से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए 200 क्विंटल सब्जी से भरे ट्रक को



झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर किसानों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान को गजमाला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को समृद्ध बनाने तथा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन एवं अनुदान हेतु 203 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं। उन्होंने किसानों से अरहर, मूंग, उड़द फसलों के उत्पादन करने और प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की अपील की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 18 लाख आवास स्वीकृत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी जी के वायदे को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों से 3100 रूपए के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर रही है। किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण: निगम ने राजधानी में उद्यानों, शौचालयों, नालों को स्वच्छ बनाने प्राथमिकता

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की मंशानुरूप रायपुर जिला प्रशासन के मार्गनिर्देश में केन्द्र सरकार के लोकहितकारी स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियां निरंतर तेजी से की जा रही हैँ. रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र के उद्यानों, शौचालयों, नालों को स्वच्छ बनाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है. आज अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद




गुप्ता ने जोन 3 एवं 9 में, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने जोन 2 एवं 4 में, उपायुक्त रमाकांत साहू ने जोन 6 एवं 10 में, उपायुक्त श्रीमती राजेश्वरी पटेल ने जोन 5 में, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही ने जोन 1 एवं 7 में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिव्या चन्द्रवंशी ने जोन 8 के उद्यानों, नालों, शौचालयों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण सम्बंधित जोन कमिश्नरगणों, कार्यपालन अभियंतागणों,जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, सम्बंधित सफाई सुपरवाइजरों, सफाई ठेकेदारों की उपस्थिति में किया एवं उद्यानों, नालों,शौचालयों में स्वच्छता कायम करने का कार्य प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए. इस दौरान अधिकारियों ने न्यू राजेन्द्र नगर में नालियों की सफाई के अभियान, फुण्डहर में नाले के सम्बन्ध में प्राप्त जनशिकायत के त्वरित निदान हेतु, साहू काम्प्लेक्स सुलभ शौचालय की सफाई, बालाजी गार्डन की सफाई, महादेवघाट मार्ग, कुशालपुर, भाठागाँव मुख्य मार्ग की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सम्बंधित जोन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. स्वच्छता व्यवस्था राजधानी शहर के अनुरूप कायम करने के निर्देश दिए गए.

# मोर मकान मोर आवास योजना:176 नए आवासों के पात्र हितग्राहियों को मकान आबंटन, नया पक्का मकान पाकर आबंटितियों के चेहरे खिले

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की जनप्रिय प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मोर मकान मोर आस घटक के अंतर्गत नगर निगम रायपुर द्वारा 176 पात्र किरायेदारों को निर्धारित पात्रता के अनुसार पक्के नए मकानों का मकान एवं ब्लाक नम्बर सहित लाटरी पद्धति से पारदर्शिता के साथ आबंटन करने की कार्यवाही छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के दिशा - निर्देश पर आज नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल निगम सामान्य सभा सभागार में रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में की




गयी. नगर निगम रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कचना, सोनडोंगरी, दलदल सिवनी, मठपुरैना में नवनिर्मित 176 नए पक्के आवासों का आबंटन हितग्राहियों से पर्ची निकलवाकर किया गया. इससे पात्र हितग्राहियों के चेहरे नया पक्का मकान मिलने पर प्रफुल्लित होकर खिल उठे. इन पात्र किरायेदार हितग्राहियों ने मोर मकान मोर आस घटक के अंतर्गत प्रथम किश्त 10 प्रतिशत राशि जमा की है. शेष राशि जमा करने पर उन्हें नए मकानों की चाबी सौंपी जाएगी. इस दौरान निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, प्रभारी सहायक अभियंता अमित बोस सहित अन्य सम्बंधित निगम अधिकारीगणों की उपस्थिति रही.

# फयूचर वर्क्स रायपुर में आकस्मिक रेंडम निरीक्षण में प्रदूषण मिलने पर 2 हजार रूपये जुर्माना किया



रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

नगर पालिक निगम रायपुर में प्राप्त प्रदूषण से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह द्वारा दिए गए आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गनिर्देशन में नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे के नेतृत्व एवं स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के तहत कुशभाऊ ठाकरे वार्ड नम्बर 7 के तहत विधानसभा मार्ग मोवा में फ्यूचर वर्कस रायपुर की प्लास्टिक से सम्बंधित सामान बनाने वाली फैक्ट्री की स्वच्छता व्यवस्था का जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से आकस्मिक रेंडम निरीक्षण किया गया. आकस्मिक रेंडम निरीक्षण के दौरान सम्बंधित फैक्ट्री में प्रदूषण एवं गन्दगी मिलने से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत सही पायी गयी. इस पर जोन 9 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने सम्बंधित फैक्ट्री के संचालक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए स्थल पर तत्काल फ्यूचर वर्क्स रायपुर फैक्ट्री के सम्बंधित संचालक पर 2000 रूपये का जुर्माना किया एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया.

# नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2025 हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने 34 हजार 251 दावा/आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए

- पंचायतों के निर्वाचन हेतु 1 लाख 61 हजार से अधिक दावा/आपत्ति प्राप्त हुये
- मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को होगा

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2025 में निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम में गत दिवस संशोधन किया गया था। जिससे लोगों को मतदाता बनने का एक और अवसर प्राप्त हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 6 जनवरी तक दावा/आपत्ति के आवेदन मंगाए गए थे। जिसमें राज्य के सभी जिलों के नगरीय निकायों से परिवर्धन, संशोधन और विलोपन के कुल 34 हज़ार 251 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए परिवर्धन के 1लाख 56 हज़ार 333, संशोधन के 1,413 तथा विलोपन के 4,083 आवेदन प्राप्त हुए। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को की जाएगी।

निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी जिलो के सभी नगरीय निकायों में परिवर्धन के लिए 31 हजार 599, संशोधन के लिए 274 तथा विलोपन हेतु 2378 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार दुर्ग जिला के नगर निगम भिलाई, चरौदा और रिसाली सभी मिलाकर 47 आवेदन तथा नगर पंचायत कोंटा से 1 आवेदन सहित कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए, जहां उप निर्वाचन होना है।

# भिक्षु आश्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

हर मंगलवार, भिक्षुक आश्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट (स्रू) शिविर का आयोजन किया जाता है, जो बेघर और उन बुजुर्गों के लिए एक वरदान बन गया है जिन्हें उनके घर से निकाल दिया गया है। आज, 10 जनवरी 2025, को भी यह शिविर सफलता से आयोजित किया गया। यह शिविर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राज्य शहरी विकास एजेंसी द्वारा संचालित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, जो अस्पताल जाने में सक्षम नहीं हैं। शिविर में मरीजों को नि:शुल्क उच्च गुणवत्ता की दवाइयां और ब्लड टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इससे उन्हें अपनी रोजमर्रा की समस्याओं के लिए अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होती।




शिविर की शुरुआत में कई मरीजों को अपनी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे डायबिटीज, हाइपरटेंशन आदि के बारे में जानकारी नहीं थी। स्रू टीम और भिक्षुक आश्रम की टीम के प्रयासों से इन समस्याओं का पता चला और उचित इलाज के बाद अब उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। इसके साथ ही, शिविर में लोगों को साफ-सफाई और कीटाणुरहित जीवनशैली के महत्व पर मुफ्त परामर्श दिया जाता है। उल्लेखनीय मरीजों के उदाहरण

1. अनिशा (20/स्त्र) सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित थीं। शुरुआत में उनका हेमोग्लोबिन केवल 6 ग्राम था। स्रू टीम की उचित देखभाल और इलाज के बाद अब उनका हेमोग्लोबिन 11 ग्राम तक पहुंच गया है।सुनीता सागर (60/स्त्र) उन्हें हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) की समस्या थी, जिसकी जानकारी उन्हें स्रू शिविर में हुई। नियमित इलाज और परामर्श के बाद अब उनका स्वास्थ्य स्थिर है। रेखा गोंड हाइपरटेंशन की समस्या से पीड़ित थीं।

# संविधान सत्ता का साधन नहीं है, वह हमारी आस्था और श्रद्धा का केंद्र है - गुरुप्रकाश पासवान

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संविधान गौरव अभियान के छत्तीसगढ़ प्रभारी गुरुप्रकाश पासवान ने कहा है कि संविधान को लेकर देश में एक तरफ श्रद्धा और संवेदनशीलता है तो दूसरी तरफ नकारात्मकता है। भाजपा के लिए संविधान सत्ता का साधन नहीं है, वह हमारी आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। श्री पासवान ने कहा कि संविधान, आरक्षण, सामाजिक न्याय और डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर हम सबकी वैचारिक प्रतिबद्धता और आस्था का विषय है, यह किसी एक परिवार, एक व्यक्ति की ठेकेदारी नहीं हो सकती। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री पासवान ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर संविधान को लेकर मनगढ़ंत कहानियाँ गढ़ने के लिए तीखी हमला बोला और कहा कि



कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के प्रति कांग्रेस के दुर्व्यवहार की जिम्मेदारी किसकी है? डॉ. अम्बेडकर संविधान समिति के अध्यक्ष थे। सन् 1956 में उनके देहांत के चार दशक बाद तक उन्हें भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया? चार दशक बाद केंद्र में भाजपानीत गैर कांग्रेसी सरकार ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। डॉ. अम्बेडकर को जीवित रहते सदन में नहीं आने देने के लिए तत्कालीन कांग्रेस नेताओं ने तमाम जतन किए, 1952 के प्रथम आम चुनाव में तो तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें लोकसभा में आने से रोकने का पूरा प्रयास किया और उनके खिलाफ चुनाव प्रचार तक किया! श्री पासवान ने कहा कि संविधान, सामाजिक न्याय, आरक्षण और डॉ. अम्बेडकर को लेकर हमारी प्रतिबद्धता के लिए हमें किसी से कोई प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं है।

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में संविधान को लेकर नैसर्गिक संवेदनशीलता हमेशा रही है। सन् 2010 में गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए श्री मोदी ने संविधान की गौरवशाली यात्रा का आयोजन किया था। पंचतीर्थ की परिकल्पना करते हुए डॉ. अम्बेडकर की जन्मभूमि, शिक्षाभूमि, दीक्षाभूमि, कर्मभूमि और परिनिर्वाण स्थल को तीर्थस्थल का दर्जा देने के श्री मोदी के कार्यों का जिक्र करते हुए श्री पासवान ने कांग्रेस से सवाल किया कि जब उनको मौका मिला तो उन्होंने संविधान निर्माता और संविधान का कितना सम्मान किया? श्री मोदी की सरकार ने 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। आदिवासी समाज की बेटी को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुँचने का मौका मिला तो वह भाजपा के शासनकाल में मिला। आज देशभर में अजा, जजा, और पिछड़ा वर्ग की बातें कर रहे राहुल गांधी बताएँ कि उनकी कांग्रेस सरकारों में अजा-जजा और पिछड़ा वर्ग के कितने मुख्यमंत्री है?

# श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने खट्टा गांव में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया....







- फाइलेरिया और सामान्य स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर....

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने महासमुंद जिले के खट्टा गांव में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को लिम्फेटिक फाइलेरिया, सामान्य स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया और रक्त, शर्करा और रक्तचाप की जांच सहित मुफ्त चिकित्सा जांच की गई। शिविर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टा के प्राचार्य श्री ओमनारायण शर्मा और यूनिवर्सिटी के कई प्रमुख व्यक्तियों का विशेष सहयोग मिला। शिविर में, प्रमुख वक्ताओं ने स्वास्थ्य संबंधी मामलों पर बहुमूल्य सलाह साझा की, जिसमें यूबीए समन्वयक डॉ. अनुभूति कोशले ने लिम्फेटिक फाइलेरिया, एक संभावित गंभीर बीमारी के लिए समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अंजलि यादव ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य जागरूकता ऐसी बीमारियों को रोकने की कुंजी है। राजेंद्र पटेल, सहायक प्रोफेसर ने नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य को बनाए रखने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने फाइलेरिया के लक्षण, उपचार और रोकथाम पर जानकारीपूर्ण सत्र दिए। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। शिविर का समापन डॉ. अनुभूति कोशले के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों को स्वीकार किया। इस कार्यक्रम ने सफलतापूर्वक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया और ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख हस्तियों में सहायक प्रोफेसर कोमल यादव और यूनिवर्सिटी के अन्य प्रतिनिधि शामिल थे।

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 11 , जनवरी 2025

# भारत के उत्थान की प्रेरणा है राष्ट्र मंदिर

अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय वह अभिजीत मुहूर्त, जब प्राण-प्रतिष?ठा कर रामलला के नेत्रों से पट्टि?का हटाई गई तो पूरे विश्व के सनातन संस्कृति के उपासकों के नेत्रों में श्रद्धा, आस्था, आनंद और प्रतीक्षा के आँसू थे। पौष शुक्ल द्वादशी, 22 जनवरी 2024 केवल अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव का दिवस नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की दृष्टि और विचारों के परिवर्तन की उपलब्धि का दिन है। पीढ़ियों की तपस्या, त्याग, बलिदान और प्रतीक्षा के बाद अयोध्या ने इस शुभ घड़ी का स्वागत किया था।

भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष ठा से आनंदित, उत?साहित यह वही अयोध्या है जिसके परिचय में अथर्व वेद में उल्लेख आता है कि –

अष्ट चक्रा नव द्वारा देवाना पूः अयोध्या। तस्या हिरण्यमयः कोश स्वर्गो ज्योतिषावृतः।।

अयोध्या, जिसका अर्थ ही है जो अजेय है, अपराजित है। सहस्रों वर्षों तक अयोध्या अपने स्वर्णिम इतिहास के लिए जानी जाती रही। वही अयोध?या जहाँ हिन्?दू समाज के आराध्य श्रीराम का जन्म सकल लोक के मंगल के लिए हुआ। इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी अयोध्या का वर्णन कुछ इस प्रकार करते हैं-

विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार। निज इच्छा निर्मित प्रभु माया गुन गो पार।।

हिन्दू समाज की आस्था के केंद्र, समरसता, नैतिकता व कर्तव्यपालन का बोध कराने वाले श्रीराममंदिर का कालांतर में विध्वंस कर मुगल आक्रांताओं द्वारा गुलामी के प्रतीक के रूप में बाबरी मस्जिद बना दी गई। इसके बाद 1528 से ही आरंभ हुए श्रीराममंदिर आंदोलन का 9 नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय पर विराम हुआ। 5 अगस्त 2020 को भूमिपूजन के साथ करोड़ों लोगों की भावनाओं ने विविध प्रकार से उत्सव की अभि?यक्ति की। यह एक ऐसा आंदोलन रहा जिसमें साधु-संतों ने युद्ध भी किया और वे आध्यात्मिक जागरण के केंद्र भी बने। बैरागी अभिराम दास (योद्धा साधु), राममंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष महंत रामचन्द्र परमहंस, महंत अवैद्यनाथ व देवरहा बाबा ने संपूर्ण आंदोलन को एक दिशा प्रदान की। कोठारी बन्धुओं के बलिदान को हिन्दू समाज भला कैसे विस्मृत कर सकता है? विष्णु डालमिया, अशोक सिंहल वे तेजपुंज हैं, जिन्होंने सनातन ऊर्जा को संग्रहीत कर इस पवित्र कार्य से जोड़ा।

मंदिर आंदोलन के मूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित ही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने पूरे आंदोलन में जनजागरण करते हुए आस्था के उच्चतम प्रतिमानों को विश्वव्यापी स्वरूप दिया। विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित विचार परिवार के सभी संगठनों ने अपनी पूर्ण सामर्थ्य के साथ तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहब देवरस की मंशा के अनुरूप धैर्यपूर्वक योजनाबद्ध आंदोलन किए। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में देश?यापी रथयात्रा ने पूरे भारत में वातावरण का निर्माण किया तो असंख्य कारसेवकों के बलिदान ने राम राष्ट्र के इस यज्ञ में समिधा का कार्य किया। मंदिर आंदोलन के इतिहास में अनेक बलिदानियों के रक्त व उनके परिजनों के त्याग का बिंदु समाहित है। राममंदिर के प्रति समाज की आस्था इतनी प्रबल रही है कि जब श्रमदान आवश्यक था तब श्रमदान किया। वहीं राष्ट्रमंदिर को भव्यता और दिव्यता देने के लिए निधि समर्पण अभियान में जाति, वर्ग, दल, समूह के सभी बंधनों को ध्वस्त करते हुए जिससे जो बन पड़ा उसने भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पण किया।

भारतीय पंचांग के अनुसार पौष शुक्ल द्वादशी के आज ही के दिन जो पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को पड़ी थी, भगवान के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी। संपूर्ण भारत की आस्था के केंद्र श्रीराम मन्दिर के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना को बल मिला और देशवासियों में स्वाभिमान का जागरण हुआ। वहीं जो लोग मन्दिर निर्माण का विरोध कर रहे थे उनके सारे अवरोधों का प्रति उत्तर भी इस एक वर्ष में मिला। प्राण-प्रतिष्ठा से आज प्रथम वर्षगांठ तक असंख्य दर्शनार्थियों ने न केवल रामलला के दर्शन किए बल्कि अयोध्या सहित आस-पास के क्षेत्र के आर्थिक तंत्र को मजबूत करने में महत वपूर्ण भूमिका निभाई है।

नागर शैली में निर्मित अलौकिक सुंदरता से परिपूर्ण श्रीराम मंदिर की लंबाई पूर्व से पश्चिम 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट व ऊंचाई 161 फीट है। भव्य तीन मंजिला मंदिर में 392 स्तंभ और 44 द्वार हैं। भूतल में प्रभु श्रीराम का मोहक बाल रूप तो प्रथम तल में श्रीराम दरबार का गर्भगृह है। नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना व कीर्तन मंडप है। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा व दक्षिणी भुजा में हनुमान जी विराजित हैं। मंदिर के समीप ही पौराणिक काल का सीताकूप रहेगा। 732 मीटर लंबे व 14 मीटर चौड़े चहुंमुखी आयताकार परकोटे के चार कोनों पर भगवान सूर्य, मां भगवती, गणपति व भगवान शिव का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में ही महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषादराज, माता शबरी व देवी अहिल्या के मंदिर प्रस्तावित हैं।

यह मात्र एक मंदिर नहीं बल्कि भारत की संस्कृति और अस्मिता का प्रतीक है। एक स्वाभिमानी राष्ट्र अपने ऐसे ही प्रतीकों से ऊर्जा प्राप्त करता है। राम मंदिर भारत की चेतना का पर्याय है और इसका भी कि राम जन-जन की स्मृति में कितने गहरे रचे-बसे हैं। यह आधुनिक विश्व के इतिहास में पहली बार है, जब किसी समाज ने अपने प्रेरणा पुरुष के जन्मस्थान एवं उनके उपासना स्थल को अतिक्रमण और अवैध कब्जे से न्यायपूर्वक छुड़ाने में सफलता प्राप्त की। इसी कारण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने देश-विदेश में कोने-कोने में बसे भारतीयों को भाव विभोर कर दिया था।

# अपने ही जाल में उलझे अरविंद केजरीवाल

लगातार तीन विधानसभा चुनाव अपने एजेंडे पर लाने वाले आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस बार बुरी तरह फंस गए हैं। शराब घोटाले में छह महीने जेल में रहने के बाद 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिलने पर बाहर आए केजरीवाल पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा तो 7 जनवरी को हुई। इस बार विधानसभा के चुनाव 5 फरवरी को होंगे और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। जेल जाने के समय केजरीवाल इस्तीफा न देने पर अड़ गए और तमाम फजीहत के बाद जेल से बाहर आकर इस्तीफा दिया। अपने स्थान पर आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया। वे भी मुख्यमंत्री बनने के साथ ही राजनीतिक नाटक करने लगीं। दूसरी कुर्सी पर बैठी। अपने को केयर टेकर मुख्यमंत्री बताने लगीं।

चुनाव की घोषणा से काफी पहले से ही आआपा ने अपने उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए। टिकटों में आम राजनीतिक दलों से भी आगे बढ़कर दलबदल करने वाले नेताओं को प्राथमिकता दी गई। देखा-देखी यही काम कांग्रेस और भाजपा ने किए। वे 12 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार अपनी कट्टर ईमानदार होने के दावे पर धब्बा लगने के बाद चुनाव जीतने के लिए हर तरकीब का सहारा लेने में सबसे आगे हैं। बिजली, पानी, महिलाओं को डीटीसी बसों में फ्री यात्रा करवाने का दावा करने के बाद महिलाओं को 2,100 रुपये हर महीने देने और साठ साल से ज्यादा उम्र के लोगों की फ्री इलाज योजना की घोषणा करने के अलावा विभिन्न धर्म के पुजारियों को वेतन देने से लेकर दिल्ली में जाट जाति को आरक्षण देने की सिफारिश करने आदि घोषणा हर रोज केजरीवाल कर रहे हैं।

विपक्षी दल लगातार उनकी घोषणाओं की खिल्ली उड़ा रहे हैं। पहले केजरीवाल अपने को कट्टर ईमानदार होने के दावे पर आक्रामक प्रचार करते रहे हैं। अपने दल को अन्य दलों से भिन्न बताने का दावा करते रहे हैं। शराब घोटाले में केजरीवाल समेत अनेक बड़े नेताओं के जेल जाने और अपने सरकारी आवास पर बेहिसाब खर्च करने के बाद तो वे अपने लोगों के भी निशाने पर आ गए हैं। अब तो सभी उनके सरकारी सुविधा न लेने के दावे से लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ जनलोकपाल बनाने के उनके दावे की खिल्ली उड़ाई जा रही है। दिल्ली के इतिहास में संभवतः पहला मामला होगा कि कोई सरकार कैग की रिपोर्ट को विधानसभा में न रखे। पूरी दिल्ली चुनाव प्रचार के रंग में रंग गई है, केजरीवाल और उनकी पार्टी की समस्या है कि वे जितना ही चुनाव प्रचार की दिशा बदलने की कोशिश कर रहे हैं, चुनाव प्रचार उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों पर आ जा रहा है। वे दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने का दावा करते हैं और जब नए कालेज, विश्वविद्यालय और अस्पताल की बात की जाती है तो वे और उनके नेता गलत दावे करके विषय को बदलने का प्रयास करते हैं।

सबसे अजीब तर्क तो हर साल दिल्ली का बजट बढ़ाने के दावों के लिए दिया जाता है। शायद उनको और उनके समर्थकों को पता नहीं है कि दिल्ली का बजट शुरू से हर साल केवल बढ़ता ही नहीं रहा है बल्कि वह लगातार खर्च से ज्यादा राजस्व (सरप्लस रेवेन्यू) वाला राज्य रहा है। इसी के चलते उसे 1994-95 में पहली बार पद सृजित करने के अधिकार इस शर्त पर केन्द्र सरकार ने दिए कि राज्य की यह स्थिति बनी रहेगी। शर्त यह थी कि यह अधिकार तभी तक रहेगा जबतक राजस्व गैर योजना मद से ज्यादा इकट्ठा होता रहेगा। उससे पहले दिल्ली की सरकार को चौथी श्रेणी के भी पद सृजित करने के अधिकार नहीं थे। जो हाल दस साल में आआपा की सरकार ने बना दिए हैं कि किसी भी समय यह अधिकार उससे छिन सकता है। पहले तो उन्होंने विक्टिम कार्ड चलने का प्रयास किया।

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान

भारत में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है। खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा संन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा संन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा संन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे संन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे। स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का 'अष्टाध्यायी' व पातंजलि का 'महाभाष्याधायी' का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था। अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर संन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें, मैं यहां भजन सुनाऊंगी।

## सेहत नामा ...

# पेट से लेकर ब्लड प्रेशर तक की दिक्कत को दूर करता है यह चुटकीभर पाउडर

भारतीय रसोई खजाने का पिटारा होती है. इसमें एक से बढ़कर एक ऐसे मसाले होते हैं जो सेहत के लिए एक नहीं बल्कि कई तरह से फायदेमंद साबित होते हैं. इन मसालों में सेहत को दुरुस्त रखने वाले गुण तो होते ही हैं, साथ ही इनके सेवन से शरीर कई तरह की बीमारियों से बचा रहता है. यहां ऐसे ही एक मसाले का जिक्र किया जा रहा है. यह मसाला है जायफल. खानपान में जायफल को आमतौर पर कम शामिल किया जाता है लेकिन जिन चीजों में इसे डाला जाता है उनका स्वाद और सेहत को मिलने वाले फायदे कई गुणा तक बढ़ जाते हैं. यहां जानिए जायफल किस-किस तरह से सेहत से भरपूर होता है और इससे किन बीमारियों का खतरा कम होता है.



जायफल के सेवन के फायदे- चुटकीभर जायफल का पाउडर सेहत को एक नहीं बल्कि ढेरों फायदे देता है. जायफल में मैग्नीशियम, जिंक, कॉपर, पौटेशियम और फॉस्फोरस जैसे तत्व होते हैं. इसके अलावा, जायफल एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है. आमतौर पर जायफल के पाउडर, एक्सट्रैक्ट और तेल का इस्तेमाल किया जाता है.

दर्द से मिलती है राहत- जायफल जोड़ों में होने वाले दर्द से राहत दिलाने में असरदार होता है. शरीर में कहीं सूजन या दर्द वगैरह हो तो जायफल के सेवन से ठीक हो जाता है. एक चुटकी जायफल के पाउडर को पानी में मिलाकर पिया जा सकता है. इसके अलावा, जायफल का पाउडर नारियल तेल में मिलाकर पकाने और फिर दर्द वाली जगह पर लगाने से भी फायदा मिलता है.

दिमाग को मिलता है फायदा- जायफल का सेवन दिमाग के लिए भी अच्छा होता है. यह ब्रेन पावर को बढ़ाता है और मेमोरी बूस्ट करने में असरदार होता है. चुटकीभर जायफल को पानी में मिलाकर पानी में मिलाकर पिएं या फिर इसे अपनी कॉफी, चाय और काढ़े में डाला जा सकता है.

पाचन के लिए भी है अच्छा- पाचन को दुरुस्त रखने के लिए भी जायफल का सेवन किया जा सकता है. ब्लोटिंग, कब्ज, पेट में बनने वाली गैस और दर्द को कम करने में जायफल असरदार होता है. इससे दस्त की दिक्कत भी दूर हो जाती है. इसे सूप या ड्रिंक्स में डालकर पिएं.

ब्लड प्रेशर भी होता है कम- ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए जायफल का सेवन फायदेमंद होता है. इसमें कैल्शियम, पौटेशियम और मैग्नीशियम की अच्छी मात्रा होती है जो ब्लड प्रेशर को कम करने में असरदार होती है. इससे स्ट्रेस रिलीविंग गुण भी शरीर को मिल जाते हैं.

विश्व हिन्दी दिवस विशेष रचना

## हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी

चाहे हों हम हिंदू मुस्लिम, सिख या ईसाई।
भारत माता की संतानें, हम सब हैं भाई भाई।
एक हमारी रगों में बहता खून, और एक हैं हमारे रंग रूप।
चांद देता बराबर चांदनी, सूरज भी देता सबको समान धूप।
सब कुछ देने वाले ईश्वर, जब वो हममें अंतर नहीं करते हैं।
जाति-धर्म भाषा-बोली के भेदभाव रख, फिर हम क्यों जलते हैं।
अलगाववादी सोचों को त्यागकर, एकता की मिसाल धरो।
भारत के विकास के लिए, मिल जुलकर निरंतर प्रयास करो।
होंगे भले हम कहीं के भी वासी, सबसे पहले हैं भारत वासी।
इसलिए हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा, और हम सब हैं हिन्दी भाषी।
सीखो सीखने को सारी भाषाएं, पर राष्ट्रभाषा का सम्मान करो।
घर में बोलो अपनी भाषा, पर समूहों में हिन्दी वार्तालाप करो।
जाति धर्म और समुदायों की, सांप्रदायिक सोच को भुला दो।
देश के नागरिक ही नहीं, पूरी दुनिया को हिन्दी में बुलवा दो।।

स्वरचित एवं मौलिक रचना......
मुकेश कुमार सोनकर,
सोनकरजी
भाठागांव रायपुर छत्तीसगढ़



सुषमा के स्नेहिल सृजन
**विधा-रूप घनाक्षरी छंद**
हिन्दी
------------

गीतों की झंकार भरे, सुर ताल मन हरे,
साहित्य आधार हिन्दी,
गर्व बढ़े राष्ट्रगान।

एकता मिसाल हिन्दी, भाषा पहचान हिन्दी,
विश्व की नजर में है,
हमारा ये हिंदुस्तान।

राष्ट्र का उत्थान हिन्दी, संस्कृति संस्कार हिन्दी,
अनेकता में एकता,
भारत की पहचान।

'सुषमा' सरल हिन्दी, लगती माथे की बिंदी,
हिन्ददेश गुणगान,
हिंदी है हमारी शान।(2)
------------

कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल , रायपुर छ ग



## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 4 | |
| | | 5 | | 4 | | 6 | | |
| 4 | 3 | 8 | 2 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 6 | |
| 7 | | 3 | | | | 1 | | 2 |
| | 4 | | | 8 | | | | |
| | | | | | 2 | 7 | 9 | 4 |
| | | 2 | | 3 | | 5 | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |

**नियम :**1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं। **हल अगले पन्नों पर**

## आज का राशिफल

- मेष- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपके बढ़ते खर्च आपकी चिंताओं को बढ़ाएंगे। आपको मानसिक तनाव बना रहेगा। परिवार में भी आपसी लड़ाई-झगड़ा का असर आपके रिश्ते पर भी पड़ेगा।
- वृष- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जो लोग सिंगल हैं, वह अपने प्यार को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए समस्या बन सकता है।
- मिथुन- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर थोड़ी सावधानी बरतें और किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में काम का दबाव अधिक रहेगा.
- कर्क- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको अपने कामों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों की समस्याओं को सुनने के लिए भी समय निकालना होगा।
- सिंह-आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत से किसी काम को समय से पहले पूरा करके देंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आप किस मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपके पिताजी का कोई पुराना रोग उभर सकता है।
- कन्या- वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आपको कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। परिवार में किसी सदस्यों को नौकरी के लिए घर से दूर जाना पड़ सकता है।
- तुला- संतान को तरक्की करते देखा आपको खुशी होगी। आप अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।
- वृश्चिक- जीवनसाथी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती हैं। आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। आपको परिवार के सदस्यों की जरूरतों को भी पूरा करना होगा।
- धनु- कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक काम मिलने से खुशी होगी। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी।
- मकर- आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे, जिसमें बाद में गड़बड़ी हो सकती है। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। मिनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।
- कुंभ- राजनीति में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं। परिवार के सदस्यों को लेकर आप कहीं जाने की योजना बना सकते हैं। आप किसी वाद-विवाद में ना पड़ें और किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें।
- मीन - आपको कोई बड़ा टेंडर मिलने की पूरी संभावना है। सरकारी योजनाओं में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप प्रॉपर्टी के लेनदेन के बारे में सोच विचारकर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा।

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 | |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | 9 | | ■ | 10 | | 11 |
| 12 | 13 | | | ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | 16 | | ■ |
| 17 | | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | | 22 | 23 |
| ■ | ■ | ■ | 24 | | 25 | ■ | 26 | | |
| 27 | 28 | | | ■ | 29 | 30 | ■ | ■ | |
| 31 | | ■ | | ■ | 32 | | | | |

**बाये से दाये**
1. अचेतना, बेहोशी
4 वन जाना, वन में भ्रमण करना
7 गतिशील, चलने वाला
9 एक जंगली गाय
10 दुर्भिक्ष, सूखा
12 नाम देना, मंत्र दीक्षा देना
14 पुरुष लिंगी प्रणाली
15 गणपति, गणों का देवता
17 अश्रु
18 बच्चों की जिद
21 कैद स्थल, कारगार
24 एक जलचर, मकर
26 कोमल, कठोरता रहित
27 बुरी तरह घायल, आधा मरा
29 चलने वाला, चर
31 जनता, लोग
32 नाटक का लेखक

**ऊपर से नीचे**
1. पौवन आना, फलों का पकना
2 लचकीला, लचकने वाला
3 पेंदा, निचला भाग
4 वश में करना
5 पानी की पाईप
6 घट, मिट्टी के जलपात्र
8 नवीन, नव
11 होठ, कोष्ठ
13 नीयत, इरादा
16 नामी, कीर्तिवान, विख्यात
19 राज जानने वाला साथी
20 ठगने वाला
22 मुंह से गिरने वाला द्रव
23 तिमिर के प्राणी, रात्रिचर
25 सृजन, काव्य
27 अजन्मा, शिव
28 रूपया, पैसा, दौलत
30 चोटी, बालों का गुच्छा

**( हल पेज 5 पर )**

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगपुरा में किया वृक्षारोपण

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ आज दुर्ग जिले के नगपुरा स्थित रेस्ट हाऊस में वृक्षारोपण कर छत्तीसगढ़ राज्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान को बढ़ावा देने के साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को शुद्ध और हरा-भरा बनाना है। अभियान के तहत देशभर में मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य में 4 जुलाई 2024 को एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में पौधा लगाने और वृक्षारोपण स्थलों का नाम स्थानीय देवी-देवताओं के नाम पर रखने का आह्वान किया है। यह पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने की अभिनव पहल है। छत्तीसगढ़ राज्य में इस अभियान के तहत 4 करोड़ पौधों का रोपण किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन, छांव, और फल देते हैं। धरा को हरा-भरा बनाए रखने और जीवन बचाने के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है।

**छत्तीसगढ़ में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा**




## भगवान पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की



केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज दुर्ग जिले के नगपुरा स्थित प्रसिद्ध जैन मंदिर में 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखार कर केंद्रीय मंत्री चौहान और मुख्यमंत्री साय ने किया अभिनंदन



केंद्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज दुर्ग जिले के ग्राम नगपुरा में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनमन योजना, नियद नेल्ला नार योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखारकर अभिनंदन किया।

## सार-समाचार

### संचालक, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार ने भिलाई आईटीआई का किया औचक निरीक्षण



**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी: संचालक, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार ऋतुराज रघुवंशी ने आज प्रात: 9:30 बजे भिलाई स्थित आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का औचक निरीक्षण किया। संस्थान के प्राचार्य, टी.के. सातपुते, निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजी में उनके हस्ताक्षर दर्ज नहीं थे। इसके अतिरिक्त, संस्थान के अन्य कर्मचारियों सुदुर्गा साहू (सहायक वर्ग-3) और विवेक राठौर (सहायक ग्रेड-3) के भी उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई। उनके नाम के समक्ष अवकाश प्रविष्टि या अन्य किसी प्रकार की सूचना भी उपलब्ध नहीं थी। संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने कर्तव्य के प्रति घोर उपेक्षा और अनुशासनहीनता के कारण प्राचार्य टी.के. सातपुते को कारण बताओ सूचना जारी की गई है। उनसे तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। निरीक्षण के दौरान संचालक रघुवंशी ने संस्थान में प्रशिक्षण की गुणवत्ता, कर्मचारियों की उपस्थिति और संस्थान के समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 18 और 19 जनवरी 2025 को

**रायपुर**,प्रतिदिन राजधानी। शीघ्र लेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कौशल परीक्षा 18 और 19 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। शीघ्र लेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद सचिव ने बताया कि विभिन्न गति की कौशल परीक्षाओं में से 'अंग्रेजी' मुद्रलेखन गति 5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटे के मान से 18 जनवरी शनिवार को तथा 19 जनवरी रविवार को 'हिन्दी' मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल गति 8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटे के मान से 9 चयनित परीक्षा केन्द्रों पर तकनीकी कॉलेजों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आयोजित की जाएगी। उपरोक्त तिथियों में आयोजित परीक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए परीक्षार्थी परिषद की वेबसाईट https//ctsp.cg.nic.in/ का अवलोकन कर सकते हैं। विभिन्न तिथि में आयोजित परीक्षाओं के लिए केवल नवीन प्रवेश पत्र ही मान्य होगा।

### रायपुर के 25 मेडिकल स्टोर्स पर औषधि निरीक्षकों तथा रायपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सघन जाँच कार्यवाही



**रायपुर**,प्रतिदिन राजधानी। राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ तथा एएसपी क्राइम रायपुर एवं सहायक औषधि नियंत्रक रायपुर के नेतृत्व में रायपुर जिला के अलग अलग स्थानों पर संचालित विभिन्न 25 मेडिकल स्टोर्स की औषधि निरीक्षकों तथा रायपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सघन जाँच कार्यवाही किया गया है। जाँच कार्यवाही नारकोटिक औषधियों के अवैध व्यापार पर नियंत्रण बनाने हेतु किया गया। जाँच कार्यवाही में कुल 12 औषधि निरीक्षक तथा पुलिस विभाग से निरीक्षक, उप निरीक्षक प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों की 14 सदस्य अर्थात दोनो विभाग से कुल 26 अधिकारीगण शामिल रहे। जाँच कार्यवाही के लिए कुल 12 टीम गठित की गयी थी। कार्यवाही में टेस्ट परचेस किया गया , कुल 11 दुकानों - 1. सुमित मेडिकल स्टोर्स पचपेडी नाका, 2. मां भवानी मेडिकल स्टोर्स गुढियारी 3. गणपति मेडिकल स्टोर्स गुढयारी, 4. रॉयल मेडिकल स्टोर्स, मठपुरेना 5. सतकार मेडिकल स्टोर्स फाफाडीह 6. मास्टर मेडिकल स्टोर्स फाफाडीह 7. सागर मेडिकल स्टोर्स बीरगांव, 8. लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स खरोरा, 9. छाया मेडिकल स्टोर्स भैसा आरंग, 10. राम मेडिकल स्टोर्स कौलाशपुरी टिकरापारा, 11. ऋषि मेडिकल स्टोर्स संतोषी नगर, में नारकोटिक्स औषधियों की बरामदगी की गयी है । इनके पास मौके से विक्रय दस्तावेज नहीं मिला। इन मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध ड्रग एक्ट के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## आज का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग | फ | 2 ल | 3 त | | 4 व | 5 न | ग | 6 म | न |
| द | | 7 च | ल | 8 न | शी | ल | | ट | |
| रा | | क | | 9 या | क | | 10 आ | का | 11 ल |
| 12 ना | 13 म | दा | न | | र | | | | ब |
| | 14 न | र | | 15 ग | ण | ना | 16 य | क | |
| 17 आँ | सू | | | | | | श | | |
| | 18 बा | ल | 19 ह | 20 ठ | | 21 ह | वा | 22 ला | 23 त |
| | | | 24 म | ग | 25 र | | 26 न | र | म |
| 27 अ | 28 ध | म | रा | | 29 च | 30 ल | | | च |
| 31 ज | न | | ज | | 32 ना | ट | क | का | र |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 |

# मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खोला शासकीय सेवा का पिटारा

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए शासकीय सेवा का पिटारा खोल दिया है। विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा एवं प्रवेश परीक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने 2025 के लिए कैलेंडर जारी कर दिया है। व्यापम द्वारा जारी किए गए वार्षिक कैलेंडर में 32 से अधिक परीक्षाओं की संभावित तिथियां दी गई हैं, जिसमें उप अभियंता, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक, एडीईओ से लेकर पुलिस कांस्टेबल, स्टॉफ नर्स, वार्ड ब्वॉय तक के पद शामिल हैं। ये परीक्षाएं 09 मार्च 2025 से शुरू हो कर 21 दिसम्बर 2025 तक चलेंगी। संचालनालय कृषि विभाग के अंतर्गत जिनमें प्रयोगशाला सहायक 09 मार्च 2025 और सहायक सांख्यिकी अधिकारी 13 अप्रेल 2025, संचालनालय मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक 23 मार्च 2025, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल एवं वि/यां.), तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत पी.पी.टी. और प्री.एम.सी.ए. का 01 मई, पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. की परीक्षाएं 08 मई 2025 को होगी। पीएटी-प्रीव्हीपीटी 15 मई, प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड 22 मई, बीएससी नर्सिंग 29 मई, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षाएं 05 जून 2025 को। इसी प्रकार सहायक विकास विस्तार अधिकारी 15 जून, नगर सैनिक का 22 जून 2025 को परीक्षा संभावित है। लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) पदों के लिए परीक्षा तिथि 13 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) पद के लिए परीक्षा 20 जुलाई, आयुक्त आबकारी में आबकारी आरक्षक पद के लिए 27 जुलाई, उच्च शिक्षा संचालनालय में प्रयोगशाला परिचारक पद के लिए परीक्षा 03 अगस्त, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, ऑग्जीलरी, इंकमैन/इंकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य, हेल्पर (समूह-6) पदों के लिए परीक्षा 31 अगस्त तथा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) एवं 06 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (कंसट्रक्शन, मेंटनेंस), उप प्रबंधक (उपयंत्री), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक-(2), (आईटी, प्रोग्रामर), कनिष्ठ संवर्ग (आईटी विशेषज्ञ), उप प्रबंधक (प्रोग्रामर) एवं सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोंग्रामर) पदों की परीक्षा तिथि 7 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

इसी तरह गृह पुलिस विभाग अंतर्गत आरक्षक संवर्ग 14 सितम्बर, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्टाफनर्स 21 सितम्बर एवं वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया 12 अक्टूबर और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला 09 नवम्बर 2025 को परीक्षाएं आयोजित होगी। मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग के विभिन्न पदो पर 30 नवम्बर, जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन 07 दिसम्बर, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर अंतर्गत अनुवादक 14 दिसम्बर और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत केमिस्ट पदों के लिए 21 दिसम्बर को संभावित परीक्षा तिथि जारी की गई है। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी व्यापम की ऑफिशियल

## मालवीय मार्ग, चिकनी मन्दिर, पेटी लाईन, बंजारी मन्दिर चौक से बैजनाथपारा कब्जामुक्त



**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्गो को कब्जों से मुक्त करवाकर नागरिकों को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने जनहित में जनसुविधा को दृष्टिगत रखकर अभियान रायपुर जिला प्रशासन के मार्गनिर्देशन में रायपुर जिला प्रशासन एवं यातायात विभाग के सहयोग से नगर निगम रायपुर के नगर निवेश विभाग द्वारा आज भी निरन्तर जारी रहा. रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान में आज नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन नगर निवेश उपअभियंता नवीन वर्मा एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में आज निगम जोन 4 के क्षेत्र के तहत मालवीय मार्ग, चिकनी मन्दिर, पेटी लाईन, होकर बंजारी मन्दिर चौक से बैजनाथपारा, एवरग्रीन चौक होकर मजार चौक मुख्य मार्ग में कब्जों को हटाया गया एवं सड़क पर कब्जा करके रखे गए सामानों की जब्ती की गयी. अभियान सतत जारी रहेगा.

# अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता में रायपुर के मनीषी सिंह ने जीता दो स्वर्ण पदक




**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

की अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी वा माद्यमिक शिक्षा मंडल के सहाश्यप्रध्यापक मनीषी सिंह ने अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस प्रतियोगिता के 40+ सिंगल एवं डबल्स के बैडमिंटन मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मनीषी ने अपने प्रीश्र क्वाश्र मैच में अंडमान निकोबार की प्रभा वती को 15-07 , 15-08, क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड की कविता को 21-12, 21-10, सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की फारूक को 21-15, 21-19, एवं फाइनल मुकाबले में ह्ल्ह्यड्ढ अहमदाबाद की नीलम पांडा को 21-16, 21-15 को हराकर स्वर्ण पदक में कब्जा जमाया ।वही डबल्स के मुकाबले में मनीषी एवं शालिनी यादव की जोड़ी ने प्रीश्र क्वार्टर में चेन्नई के भुनेश्वरी एवं प्रीथा को 21-05, 21-06, क्वाटर फाइनल में उत्तराखंड के ज्योति एवं कविता को 21-10, 21-12, सेमीफाइनल में प्रतियोगिता की नंबर वन जोड़ी हरियाणा की प्रतिभा एवं सुनीता को 21-15, 21-23, एवं फाइनल मुकाबले में अहमदाबाद की नीलम एवं फारूक को 21-12, 21-16 से हराकर स्वर्ण पदक में अपना कब्जा जमाया। अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस बैडमिंटन प्रतियोगिता में मनीषी सिंह को बेस्ट टूर्नामेंट ऑफ द वूमेन के प्राइज से भी नवाजा गया। मनीषी सिंह ने पिछले चार वर्षो से अपने खेल के दम पर पूरे भारत में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं रायपुर के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बधाई दिया है ।

# बढ़ती ठंड लेकर निगम प्रशान अलर्ट

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा राजधानी शहर रायपुर के लगभग 50 से अधिक विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आमजनों को शीतलहर से राहत देने अलाव जलाने की व्यवस्था प्रतिदिन दी जा रही है. यहाँ उल्लेखनीय है कि आमजनों को शीतलहर से राहत देने रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम के सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, सहायक अभियन्ताओं, उप अभियंताओं, जोन स्वच्छता निरीक्षकों को सभी जोनों के क्षेत्र के अंतर्गत वार्डों के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में आमजनों को शीतलहर से राहत देने अलाव जलाने की व्यवस्था शीतलहर के दौरान प्रतिदिन देना सुनिश्चित करने निर्देश दिए हैँ. इसके अंतर्गत राजधानी शहर क्षेत्र में गोगांव बाजार सुलभ के पास, एम्स अस्पताल परिसर, टाटीबंध गुरूद्वारा गार्डन परिसर, अंतर राज्यीय बस स्टेण्ड भाठागांव, खमतराई बाजार चौक के समीप, खमतराई चौक, भनपुरी बाजार चौक के पास, होटल पैराडाइस के पास,श्रीनगर सुलभ शौचालय के सामने, यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 में वार्ड पार्षद के निवास कार्यालय के समीप सार्वजनिक स्थल, लाखेनगर चौक, स्टेशन परिसर, रेल्वे स्टेशन चौक , मेकाहारा अस्पताल परिसर, सामने मुख्य मार्ग के चौक, टाउन हाल परिसर, जयस्तम्भ चौक के समीप, खमतराई बाजार, सहित सभी 10 जोनों के वार्डों के अंतर्गत विभिन्न लगभग 50 से अधिक सार्वजनिक स्थलों, चौक - चौराहों पर आमजनों को शीतलहर से राहत देने अलाव जलाने की व्यवस्था प्रतिदिन दी जा रही है.



# व्ही एल एम इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

हमारी संस्था व्ही एल एम इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ का वार्षिक उत्सव दिनांक 10/ 01/ 2025 को शहर में स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में किया गया है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम कर प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील सोनी ( दक्षिण विधायक) जी रहे। विशेष अतिथि के रूप में मृत्युंजय दुबे जी (पार्षद, पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड)जी रहे ,जिन्हें अपना अमूल्य समय देकर बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। सुनील सोनी जी ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना की एवं एवं बच्चों से कहा कि वह अपने-अपने परिजनों एवं गुरुजनों का सम्मान करें। कार्यक्रम का प्रारंभ विशेष अतिथियों के स्वागत के साथ शुरू हुआ, शिक्षकों द्वारा आगमन गीत प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की संस्तुतियों को बच्चों के द्वारा मंच में प्रस्तुत किया गया तभी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई, कार्यक्रम में बहुत सारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें फैंसी ड्रेस, गायन, रैंप वॉक, डांस ,क्लासिकल डांस विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें से मुख्य आकर्षण का केंद्र सोशल मीडिया पर किया गया ड्रामा ,एजुकेशन थीम पर डांस ,दुर्गा मर्दिनी मुख्य रहे। कुछ कार्यक्रम तो तो ऐसे रहे जिसमें परिजन भाव विभोर हो गए ।शाला के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद पांडे जी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया एवं प्राचार्य महोदया श्रीमती मीनापांडे जी ने बच्चों एवं परिजनों/अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार बच्चे उत्साही हैं निश्चित रूप से संपूर्ण श्रेय स्कूल के शिक्षकों एवं समस्त स्टाफको दिया जाता है जिससे कि बच्चे छात्र-छात्राएं शैक्षणिक ही नहीं अपितु अन्य विधाओं में भी अपनी समस्त प्रस्तुति दी है ।प्राचार्य महोदया ने अभिभावकों से निवेदन किया है कि वह अपने बच्चों की रुचि को ध्यान में रखकर उनका मार्गदर्शन करें, जिसे वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। प्राचार्य महोदय ने साल भर की गतिविधियों का ब्योरा देते हुए कहा कि इस वर्ष हमारे संस्था व्ही एल एम इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल से कुमारी काजल देवांगन ने छत्तीसगढ़ बोर्ड के दसवीं बोर्ड की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में 98.33 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी जगह बनाई ।काजल देवांगन ने अपितु शाला के साथ परिजनों एवं गुरुजनों को भी गौरवान्वित किया है। प्राचार्य द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कुछ कार्यक्रम तो ऐसे हुए जिससे शिक्षक -गण ,परिजन भाव विभोर हो उठे। जिसमें चंद्रयान रामलीला और राम स्तुति जैसे कार्यक्रम थे । वार्षिक उत्सव के दौरान सभी छात्र-छात्राओं की वर्ष भर की क्रियाकलापों का पुरस्कार वितरण भी किया गया। लगभग संस्था में 700 छात्र -छात्राओं को पुरस्कार प्राप्त हुए। छात्र-छात्राएं पुरस्कार प्राप्त करने के लिए काफी उत्साहित दिखे। इस कार्यक्रम में लगभग नर्सरी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा 50 प्रोग्राम आयोजित किया गया सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। आखिर में प्राचार्य महोदया श्रीमती मीना पांडे द्वारा टीचर्स एवं परिजनों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएं दी गई।









प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 11 , जनवरी 2025

# जन्नत मिर्जा की खूबसूरती के आगे फेल हैं दीपिका-ऐश्वर्या



पाकिस्तानी हसीनाएं अपनी खूबसूरती की वजह से दुनिया भर में मशहूर हैं. सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर और आयजा खान समेत कई एक्ट्रेसेस की फोटोज वायरल होती रहती हैं. इन फोटोज में हर कोई उनकी सुंदरता की चर्चा करता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि पाकिस्तान की एक्ट्रेस जन्नत मिर्जा भी किसी से कम नहीं हैं. जन्नत खूबसूरती में किसी बार्बी डॉल से कम नहीं है. उनकी फोटोज इंटरनेट पर तहलका मचा देती हैं. वह बिना अपने बोल्ड लुक से हर फोटो में कहर ढाती हैं. आइए आपको उनकी सुंदरता का देसी नुस्खा बताती हैं. पाकिस्तानी एक्ट्रेस जन्नत मिर्जा का चेहरा किसी गुड़िया से कम नहीं लगता है. लोगों का मानना है कि वह बार्बी डॉल से भी ज्यादा सुंदर दिखती हैं और उसकी वजह उनकी ग्लोइंग स्किन है. एक बार जन्नत मिर्जा ने अपनी ग्लोइंग स्किन का राज इंटरव्यू में बताया था. जन्नत ने खुलासा किया था कि वह कोई महंगे प्रोडक्ट से अपनी स्किन का ध्यान नहीं रखती हैं. बल्कि वह सिंपल और घरेलू रेमिडी का इस्तेमाल करती हैं और अपनी स्किन पर उस रेमिडी को लगाती हैं. एक इंटरव्यू में जन्नत से पूछा गया था कि वह पिंपल होने पर क्या करती हैं? क्या उन्हें अपने चेहरे पर पिंपल देखकर टेंशन होती हैं? इस सवाल का उन्होंने काफी मजेदार जवाब दिया था. जन्नत के बताया था कि वह सिर्फ तीन चीजों का इस्तेमाल अपने चेहरे पर करती हैं. उन्होंने बताया था कि उन्हें जब भी किसी इवेंट में जाना होता है, तो वह अपने चेहरे पर एक पैक लगाती हैं. जन्नत अपने चेहरे पर दही, हल्दी और नींबू का पैक लगाती हैं. वह इस पैक को चेहरे पर रात को लगाती हैं, ताकि अगले दिन इवेंट में जाने पर उनकी स्किन खिली खिली रहे. वह रात में महज 10 मिनट तक ही इस पैक को लगाती हैं. जन्नत मिर्जा के मुताबिक, उनका ये पैक पिंपल को ठीक करने, एक्ने की समस्या को कम करने, ओपन पोर्स को बंद करने और स्किन को टाइट करने का काम करता है. बता दें कि जन्नत मिर्जा की खूबसूरती के लाखों दीवाने हैं. एक्ट्रेस को 6 मिलियन लोग सिर्फ इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं. जन्नत की फैन फॉलोइंग सिर्फ पाकिस्तान में ही सीमित नहीं है. वह इंडिया में भी काफी पॉपलर हैं।

## 'रामायण द लीजेंड ऑफप्रिंस रामा' का ट्रेलर जारी




बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण : द लीजेंड ऑफप्रिंस रामा का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जिसने फैंस और सिनेमा लवर्स में उत्साह की लहर है।यह फिल्म हिन्दुओं के धर्मग्रंथ वाल्मीकि की रामायण पर आधारित एक विजुअल मास्टरपीस है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और युद्ध दृश्यों को दिखाया गया है, जो दर्शकों को अयोध्या, जहां प्रिंस राम का जन्म हुआ, मिथिला, जहां उन्होंने सीता से विवाह किया, पंचवटी का जंगल, जहां राम ने सीता और लक्ष्मण के साथ वनवास बिताया और लंका, जहां भगवान राम और रावण के बीच ऐतिहासिक युद्ध हुआ, इन सभी स्थानों को दिखाया है। ये सब कुछ खूबसूरती से जापानी एनीमे स्टाइल में पेश किया गया है।

युगो साको की सोच और कोइची सासाकी और राम मोहन के निर्देशन में बनी ये फिल्म एक खास भारत-जापान का मिलाजुला प्रोजेक्ट है, जिसमें 450 से ज्यादा आर्टिस्ट्स ने करीब एक लाख हाथ से बने सेल्स का इस्तेमाल किया है। इसका रिजल्ट एक ऐसा विजुअल मास्टरपीस है, जो जापानी कला की खासियत और भारत की पुरानी कहानी कहने की ट्रेडिशन का शानदार कंबीनेशन है। ये फिल्म पहली बार 4य में 24 जनवरी 2025 को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसे गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट के जरिए थिएट्रिकली डिस्ट्रीब्यूट किया जाएगा।

## वायरल हुआ दिलजीत की पर्सनल लाइफ से जुड़ा किस्सा



दिल-लुमिनाटी टूर से दुनियाभर में अपनी छाप छोड़ने वाले पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ अब देश के सबसे पॉपुलर एक्टर बन चुके हैं. उन्होंने न सिर्फ कई गानों में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा है, बल्कि उन्होंने कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा भी दिखाया है. सिंगर हर मामले में खुलकर अपनी बात रखते हैं, लेकिन दिलजीत को कभी भी अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात करते नहीं देखा गया. यही वजह है कि बहुत कम लोग जानते हैं कि दिलजीत शादीशुदा भी हैं और उनका एक बेटा भी है. तो चलिए दिलजीत दोसांझ की पर्सनल लाइफ से जुड़े कुछ सीक्रेट्स को खोलते हैं. 6 जनवरी 1984 को जालंधर के गांव दोसांझ कलां में में जन्में दिलजीत दोसांझ 41 साल के हो गए हैं. उन्होंने अपनी बेहतरीन गायिकी से पंजाबी इंडस्ट्री में तो खूब धूम मचाई ही थी, लेकिन कुछ सालों बाद उन्होंने बॉलीवुड में भी कदम रखा और यहां उन्होंने एक्टिंग में भी किस्मत आजमाई जिसमें वह सफल रहे. वही अब सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ पूरी दुनिया में अपनी खास पहचान बना चुके हैं, लेकिन बहुत कम लोग हैं, जो उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में जानते हैं।

## कुलदीप यादव को डेट कर रही हैं रवीना टंडन की लाडली राशा थडानी



बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी इन दिनों खूब लाइमलाइट बटोर रही हैं. राशा मशहूर स्टारकिड हैं, लेकिन अब वह बॉलीवुड में धमाका करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. राशा जल्द ही बड़े पर्दे पर फिल्म आजाद से तहलका मचाने वाली हैं. इस बीच फैंस उनके बारे में ज्यादा से ज्यादा चीजें जानना चाहते हैं और अब हर किसी के बीच राशा थडानी के सीक्रेट बॉयफ्रेंड की चर्चा है. दावा है कि राशा इंडियन क्रिकेट टीम के मशहूर क्रिकेटर को डेट कर रही हैं. आइए आपको उस खिलाड़ी का नाम बताते हैं. राशा थडानी स्क्रीन पर सबसे पहले अमन देवगन संग नजर आने वाली हैं, लेकिन उनका नाम रियल लाइफ में क्रिकेटर कुलदीप यादव संग जुड़ रहा है. दावा किया जा रहा है कि राशा थडानी भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव को डेट कर रही हैं और ये खबर आते ही सोशल मीडिया पर दोनों स्टार्स की चर्चा शुरू हो गई है. दोनों का नाम सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा ट्रेंड कर रहा है. दरअसल, कुलदीप यादव सर्जरी करवाने के बाद क्रिकेट के फील्ड में कदम रख चुके हैं।



## जिम में चोट लगने से घायल हुईं रश्मिका मंदाना

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना, हाल ही में जिम में चोट का शिकार हो गईं, जिससे उनके बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट की शूटिंग फिलहाल रोकनी पड़ी है। रश्मिका को डॉक्टरों ने सलाह दी है कि वह पूरी तरह से ठीक होने के लिए थोड़ा आराम करें। इसके बाद ही वह अपने बिज़ी शेड्यूल पर लौट सकती हैं। रश्मिका की चोट ने उनके फैंस के बीच चिंता बढ़ा दी है, लेकिन ताज़ा अपडेट्स बताते हैं कि वह जल्द ठीक होने की राह पर हैं और जल्द ही अपने काम पर वापस लौटेंगी। रश्मिका मंदाना के एक करीबी सूत्र ने कहा, रश्मिका को हाल ही में जिम में चोट लगी थी और वह आराम करके ठीक हो रही हैं। हालांकि, इस वजह से उनकी आने वाले प्रोजेक्ट्स की शूटिंग कुछ समय के लिए रुक गई है। अब वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रही हैं और जल्द ही सेट पर वापसी करेंगी। रश्मिका, जिन्होंने 'एनिमल' और 'पुष्पा' फ्रेंचाइज़ के मौजूदा कलेक्शंस के साथ कुल 3096 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दिया है, लगातार अपनी मेहनत और सकारात्मकता से अपने फैंस को प्रेरित करती रही हैं। हिट फिल्मों की इस सीरीज़ ने उन्हें इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया है। हालांकि, शूटिंग का यह ब्रेक सिर्फकुछ समय के लिए है, लेकिन फैंस उम्मीद कर सकते हैं कि रश्मिका पहले से भी ज्यादा मजबूती और जोश के साथ वापसी करेंगी और अपनी खास अदाओं और एनर्जी से फिर से स्क्रीन पर धमाल मचाएंगी।



## फिल्मों के अलावा दीपिका पादुकोण बिजनेस से करतीं हैं ताबड़तोड़ कमाई

*39 वर्षीय मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण फिल्मों के अलावा भी कई बिजनेस के जरिए मोटी कमाई करती हैं. फिल्मों में भारी भरकम फीस चार्ज करने के अलावा दीपिका एक सफल बिजनेसवुमन भी हैं. ऐसे में जानिए उनकी नेटवर्थ और उनके क्या-क्या बिजनेस हैं? हाल ही में एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने 5 जनवरी को अपना 39वां बर्थडे सेलिब्रेट किया. फिल्मों के अलावा एक्ट्रेस इन दिनों अपनी बेटी दुआ की देखभाल में काफी बिजी चल रही हैं, उन्होंने सितंबर 2024 में एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया था. फिल्मों से ब्रेक लेकर दीपिका अपनी बेटी दुआ की देखभाल में व्यस्त हैं, साथ ही बेटी और फैमिली को अपना पूरा टाइम दे रही हैं, दीपिका फिल्म इंडस्ट्री की सबसे सक्सेसफुल एक्ट्रेस होने के साथ महंगी एक्ट्रेसेस की लिस्ट में भी शुमार हैं. हालांकि फिल्मों के अलावा दीपिका पादुकोण कई बिजनेस की मालिक भी हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने पति एक्टर रणवीर सिंह के साथ मिलकर शाहरुख खान के घर मन्नत के पास ही एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा है, जिसकी कीमत 119 करोड़ रुपए बताई जा रही है. दीपिका इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा फीस चार्ज करने वाली एक्ट्रेस में से एक हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक एक फिल्म के वो 15 से 20 करोड़ तक चार्ज करती हैं. वहीं बताया जाता है कि दीपिका ने अपने दम पर 500 करोड़ रुपए की संपत्ति बना ली है.*

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 11 , जनवरी 2025

Sports News

### शुभम ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ ही की शानदार गेंदबाजी, साई इंफ्रा ने जीता मैच

**एजेंसी, लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डिवीजन में साई इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने क्रीक स्टार क्रिकेट क्लब को 160 रन से हरा दिया। इस मैच में शुभम मिश्रा ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ ही दो विकेट भी झटके। साई इंफ्रा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 34 ओवर में अपने सभी विकेट गवांकर 336 रन बनाये। साई की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और सलामी बल्लेबाज अंश चौधरी मात्र चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं अक्षय मिश्रा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 13 चौका और एक छक्का की मदद से 34 बाल पर 66 रन बना लिये। शुभम मिश्रा ने छह चौका और तीन छक्का की मदद से 32 बाल पर 51 रन बनाये। इमरान खान ने 32 बाल पर 44 रन बनाये। अतुल सिंह छह चौका और तीन छक्का की मदद से 35 बाल पर 58 रन बनाये। क्रीक स्टार क्रिकेट क्लब टीम 176 रन ही बना पाई और साई ने 160 रन से मैच को जीत लिया। क्रीक स्टार के सलामी बल्लेबाज दिव्यांश शून्य पर ही पवेलियन लौट गए। वहीं आयुष राज ने अपनी टीम में सर्वाधिक 55 रन बनाये।

### प्रीमियर लीग क्लब एवर्टन ने कोच सीन डाइचे को किया बर्खास्त

**एजेंसी,लंदन।** प्रीमियर लीग क्लब एवर्टन ने अपने कोच सीन डाइचे को बर्खास्त कर दिया है। क्लब ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। क्लब ने एक बयान में कहा, एवर्टन फुटबॉल क्लब इस बात की पुष्टि करता है कि सीन डाइचे को तत्काल प्रभाव से सीनियर पुरुष टीम के प्रथम टीम मैनेजर के पद से मुक्त कर दिया गया है। बयान में कहा गया कि डाइचे के सहायक इयान वोन, स्टीव स्टोन, मार्क हावर्ड और बिली मर्सर भी क्लब छोड़ कर चले गए हैं। डाइचे ने बोर्नमाउथ से 1–0 की हार के बाद अपना पद छोड़ दिया, जिससे एवर्टन प्रीमियर लीग में 16वें स्थान पर आ गया, हालांकि इस कदम का समय आश्चर्यजनक है, क्योंकि उसी शाम एवर्टन को एफए कप के तीसरे दौर में पीटरबोरो से खेलना है। पूर्व खिलाड़ी लीटन बैन्स, जो वर्तमान में एवर्टन की अंडर-18 टीम के कोच हैं, को अस्थायी रूप से प्रभारी बनाया गया है, क्लब ने घोषणा की है कि वह स्थायी प्रतिस्थापन की तलाश शुरू कर रहा है। 53 वर्षीय डाइचे ने फ्रैंक लैम्पार्ड की जगह लेने के बाद लगभग दो सीज़न के बाद पद छोड़ दिया, एवर्टन को रिलीगेशन ज़ोन में रखा गया और उन्होंने 2022–23 सीज़न में इसे सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया, पिछले सीज़न में 15वें स्थान पर रहा। हालाँकि इस अभियान में एवर्टन का डिफेंस मज़बूत रहा है, लेकिन गोल करने में उसे संघर्ष करना पड़ा है, 19 लीग खेलों में उसने सिर्फ़ 15 बार गोल किया है। बर्खास्त किए जाने की घटना तब हुई जब फ्राइडकिन ग्रुप ने क्लब का अधिग्रहण पूरा कर लिया है, जो गर्मियों में 60,000 सीटों वाले नए स्टेडियम में स्थानांतरित हो जाएगा।

### दक्षिण अफ्रीकी खेल मंत्री ने अफगानिस्तान क्रिकेट के बहिष्कार के आह्वान का किया समर्थन

**एजेंसी,नई दिल्ली।** कई ब्रिटिश राजनेताओं द्वारा इंग्लैंड से अगले महीने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अफ़गानिस्तान के खिलाफ नहीं खेलने की अपील के बाद, दक्षिण अफ्रीका के खेल मंत्री गेटन मैकेंजी ने भी महिलाओं के अधिकारों पर तालिबान सरकार की कार्रवाई का हवाला देते हुए बहिष्कार का समर्थन किया है। उन्होंने गुरुवार को एक बयान में कहा, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका, अन्य देशों के महासंघों और आईसीसी को इस बारे में सावधानी से सोचना होगा कि क्रिकेट खेल दुनिया को क्या संदेश देना चाहता है, और खासकर खेल में महिलाओं को। खेल मंत्री के तौर पर यह अंतिम निर्णय लेना मेरे लिए नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका को अफ़गानिस्तान के खिलाफ क्रिकेट मैचों का सम्मान करना चाहिए या नहीं।

# आयरलैंड के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए शैफाली निश्चित तौर पर हमारी योजना में: स्मृति मंधाना

## मंधाना ने कहा, सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में युवाओं के पास खुद को साबित करने का मौका

**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारतीय महिला टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने गुरुवार को कहा कि पिछले साल खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर हुई सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा निश्चित रूप से योजना में हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही शैफाली की टीम में वापसी होगी। मंधाना फिलहाल हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में भारतीय टीम का नेतृत्व कर रही हैं, जिन्हें आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर के साथ आराम दिया गया है। श्रृंखला के उद्घाटन से पूर्व स्मृति मंधाना ने कहा कि हरमन को आराम दिया गया है और यह बहुत स्पष्ट था। शैफाली पिछली दो-तीन वनडे श्रृंखला में टीम का हिस्सा नहीं रही हैं। पिछली श्रृंखला में प्रतीका (रावल) ने उनकी अनुपस्थिति में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन शैफाली ने घरेलू



क्रिकेट में बहुत रन बनाए हैं। इसलिए, वह निश्चित रूप से हमारी योजना में है। मैं वास्तव में खुश हूं कि वह वापस गई और रन बनाए। मंधाना ने कहा कि टीम उनके पास मौजूद संसाधनों से अच्छा प्रदर्शन करने को उत्सुक है। उन्होंने कहा हमें एक टीम के रूप में सकारात्मक चीजों पर फोकस करना है। हमारे पास क्या नहीं इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। हमारे पास एक संतुलित टीम है। जो लड़कियां आई हैं वे भी अच्छी हैं। पिछली श्रृंखला को लेकर कप्तान मंधाना ने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ परिणाम गलत रहा। हालांकि उससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन ने टीम को आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले के लिए काफी आत्मविश्वास दिया है। हमारे गेंदबाज फॉर्म में हैं और बल्लेबाज भी अच्छी मेहनत कर रहे हैं। हमारी कोशिश होगी आगे भी हम बेहतर करें। मंधाना ने कहा कि हरमनप्रीत और रेनुका जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला युवा खिलाड़ियों के लिए प्रभावित करने और वनडे विश्व कप से पहले चयन के लिए दावा पेश करने का एक आदर्श मंच है। कप्तान ने कहा, जिस किसी को भी मौका मिलेगा, मुझे यकीन है कि वे इसे दोनों हाथों से लपकने की कोशिश करेंगे।

# दिनेश कार्तिक का अनुभव एसए20 सीजन 3 में फ्रेंचाइजी की मदद करेगा: डेविड मिलर



**एजेंसी,केपटाउन**

पार्ल रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने अनुभवी बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की प्रशंसा की और कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज का अनुभव एसए20 सीजन 3 में फ्रेंचाइजी की मदद करेगा। एसए20 में डेविड मिलर की अगुआई वाली पार्ल रॉयल्स आज सनराइजर्स ईस्टर्न केप के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना सफर शुरू करेगी। एसए20 सीजन 3 से पहले आधिकारिक कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिलर ने कहा कि रॉयल्स-आधारित फ्रैंचाइज़ी में कई नए चेहरे और रोमांचक युवा खिलाड़ी हैं।

एसए20 रिलीज़ के अनुसार, मिलर ने कहा, मुझे लगता है कि इस साल हमारे पास कई नए चेहरे, कुछ रोमांचक युवा खिलाड़ी हैं। हमारे पास कुछ बेहतरीन प्रतिभाएँ हैं, इसलिए उन्हें पाकर हम बहुत उत्साहित हैं। साथ ही एक नया कोच, ट्रेवर पेनी, जिसके पास ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, कनाडा और ज़िम्बाब्वे के चार पासपोर्ट हैं। इसलिए वह काफी अनुभवी है और उसने यात्रा की है। वह कई सालों से दुनिया भर में कोचिंग और खेल रहा है, इसलिए उसे सेट-अप में पाकर बहुत अच्छा लगा।

इस साल के एसए20 का एक मुख्य आकर्षण दिनेश कार्तिक का शामिल होना है, जो पार्ल रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। मिलर ने कहा, इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का अनुभव भी टी20 टूर्नामेंट के आगामी सत्र में फ्रैंचाइज़ी की मदद करेगा। और फिर, जाहिर है, दिनेश कार्तिक भी हैं। एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में उनका अनुभव होना अच्छा है। कुल मिलाकर, खिलाड़ी वास्तव में अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं। टूर्नामेंट 9 जनवरी 8 फरवरी तक चलेगा। कुल 30 मैच खेले जाएंगे और इसके बाद 4, 5 और 6 फरवरी को तीन प्ले-ऑफ होंगे। जोहान्सबर्ग का वांडरर्स स्टेडियम फाइनल की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट का फाइनल 8 फरवरी को खेला जाएगा। पार्ल रॉयल्स टीम इस प्रकार है: डेविड मिलर (कप्तान), दीवान मराइस, जो रूट, मिशेल वैन बुरेन, सैम हैन, एंडिले फेहलुकवायो, दयान गैलीम, कीथ डडगिन, दिनेश कार्तिक, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रुबिन हरमन, ब्योर्न फोर्टुइन, कोडी यूसुफ, क्विना मफाका, नकाबा पीटर, जॉन टर्नर, मुजीब उर रहमान, नकाबा पीटर।

# बांग्लादेश श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल हुईं चेरी फ्रेजर, जैनेलिया ग्लासगो

**एजेंसी,नई दिल्ली**

बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले आगामी सफेद गेंद श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर चेरी-एन फ्रेजर और अनकैप्ड तेज गेंदबाज जैनिलिया ग्लासगो को वेस्टइंडीज की 15 सदस्यीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। सफेद गेंद श्रृंखला 19 जनवरी को तीन वनडे मैचों के साथ शुरू होगी और 30 जनवरी को तीन टी20 मैचों के साथ समाप्त होगी। सेंट किट्स सभी मैचों की मेजबानी करेगा। तेज गेंदबाज शमिलिया कोनेल और मध्यक्रम की बल्लेबाज रशदा विलियम्स भारत दौरे पर टीम के साथ नहीं थीं सीडब्ल्यूआई की विज्ञप्ति के अनुसार, वेस्टइंडीज अनुभवी ऑलराउंडर स्टेफनी टेलर के बिना ही खेलेगी, जो अभी भी घुटने की चोट से उबर रही हैं। फ्रेजर ने कुल 12 वनडे खेले हैं



और इस प्रारूप में उनका आखिरी प्रदर्शन अक्टूबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था। हालाँकि, उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन पिछले साल जून में हंबनटोटा में श्रीलंका के खिलाफ टी20 में था। इस बीच, ग्लासगो ने चार टी20आई में हिस्सा लिया है, इनमें से आखिरी मैच मई 2024 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ था। हालाँकि वह 2023 से वेस्टइंडीज की वनडे टीम के साथ यात्रा कर रही है, लेकिन ग्लासगो को कभी भी वनडे में मौका नहीं मिला। सीडब्ल्यूआई की विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों ने तस्मानिया में राज्य क्रिकेट में सफल प्रदर्शन किया है और उन्हें शामिल किया गया है। वेस्टइंडीज वर्तमान में महिला चैम्पियनशिप तालिका में नौवें स्थान पर है, जिसमें शीर्ष छह टीमें इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए, स्वतः योग्यता प्राप्त कर रही हैं। 21 मैचों में 14 अंकों के साथ, उनके लिए सीधे योग्यता प्राप्त करना असंभव है, भले ही वे बांग्लादेश पर 3–0 की जीत के साथ अधिकतम 20 अंक हासिल करें, जबकि न्यूजीलैंड 21 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। हालांकि, 21 मैचों में 19 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहने वाला बांग्लादेश न्यूजीलैंड को पीछे छोड़कर शीर्ष छह में जगह बना सकता है। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच शेन डेट्ज ने कहा, बांग्लादेश का दौरा हमारी तैयारी के लिए एक आदर्श समय पर हुआ है। वे एक कुशल इकाई हैं, जिन्होंने प्रभावशाली विकास दिखाया है, और यह श्रृंखला हमें अपनी टीम की गहराई की जांच करने और वेस्टइंडीज क्रिकेट के अपने आक्रामक, तेजतर्रार ब्रांड को लागू करने का एक शानदार अवसर देती है। उन्होंने कहा, हम अपने प्रशिक्षण और दौरे में सुधार के विशिष्ट क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, और ये मैच हमें अपनी प्रगति का आकलन करने में मदद करेंगे। वार्नर पार्क की परिस्थितियाँ दोनों टीमों को चुनौती देंगी और आकर्षक क्रिकेट के लिए अनुकूल होंगी।

### डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 सीजन 3 के उद्घाटन समारोह में जलवा बिखेरेंगे शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े, सोनम बाजवा

**एजेंसी,दुबई।** डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 सीजन 3 के उद्घाटन समारोह में 11 जनवरी शनिवार को बॉलीवुड के मेगास्टार शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े और सोनम बाजवा अपना जलवा बिखेरेंगे। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 का तीसरा सीजन 11 जनवरी से 9 फरवरी 2025 तक चलेगा। शाहिद, पूजा और सोनम अपने ब्लॉकबस्टर गानों पर शानदार प्रदर्शन के साथ समारोह की शुरुआत करेंगे। इस अवसर को और भी शानदार बनाने के लिए, प्रसिद्ध बॉलीवुड निर्माता और अभिनेता जैकी भगनानी और रिधिमा पाठक उद्घाटन समारोह की मेज़बानी करेंगे। उद्घाटन समारोह को लेकर शाहिद कपूर ने आयोजकों की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, अगर आप मुझे जानते हैं, तो आप जानते होंगे कि मुझे क्रिकेट और डांसिंग कितना पसंद है। और जब ये दोनों चीजें एक साथ आती हैं, तो आप दोनों दुनिया का सबसे अच्छा अनुभव प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं, यही वजह है कि मैं 11 जनवरी 2025 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। बॉलीवुड और क्रिकेट के जश्न के लिए अभी अपने टिकट खरीदें, जिसमें असली क्रिकेट-टेनमेंट की भावना हो। उद्घाटन की शाम बॉलीवुड के बेहतरीन और टी20 क्रिकेट के शिखर का अनूठा संगम पेश करेगी, जो रिंग ऑफ फायर के नाम से मशहूर डीआईएस की शानदार पृष्ठभूमि में होगा। सीजन के उद्घाटन के लिए टिकटों की बिक्री शानदार रही है, और डीआईएस में शनिवार की शाम को खास अंदाज में स्टेडियम खचाखच भरा हुआ है। सीजन की पहली गेंद स्थानीय समयानुसार शाम 7:15 बजे फेंकी जाएगी, जब पिछले साल के ग्रैंड फिनाले के रोमांचक रीमैच में गत चैंपियन एमआई एमिरेट्स का सामना दुबई कैपिटल्स से होगा। छह डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 फ्रेंचाइजी ने आंद्रे रसेल (अबू धाबी नाइट राइडर्स), सुनील नरेन (अबू धाबी नाइट राइडर्स), एलेक्स हेल्स (डेजर्ट वाइपर्स), शेरफेन रदरफोर्ड (डेजर्ट वाइपर्स)।

# अंडर-19 इंटर क्लब क्रिकेट लीग : स्प्रिंगफील्ड और एपीएस क्रिकेट अकेडमी की टीमें जीतीं




**एजेंसी, मुरादाबाद**

डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बताया कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान पर खेले जा रहे अंडर-19 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच में स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट अकेडमी व एनएस क्रिकेट अकेडमी के बीच और दूसरा मैच एपीएस क्रिकेट अकेडमी व सोनकपुर स्टेडियम के बीच हुआ। पहला मैच में स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट अकेडमी और दूसरे मैच में एपीएस क्रिकेट अकेडमी ने जीत हासिल की। पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट अकेडमी ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 188 रन बनाए । टीम के लिए, अक्षु बाजवा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 70 बॉल में 118 व यश व्यास ने 24 रन बनाए । एन एस क्रिकेट अकेडमी के लिए, गेंदबाजी में अदनान पाशा, मुकीम पाशा, कविंदर और सुहैल ने 1–1 विकेट लिए । लक्ष्य का पीछा करते हुए एनएस क्रिकेट अकेडमी 18.5 ओवर में 118 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए रयान तुर्क ने 44 व मुकूकीम पाशा ने 27 रन बनाए । स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट अकेडमी के लिए गेंदबाजी में अक्षु बाजवा ने 3 विकेट लिए । मैन ऑफ द मैच अक्षु बाजवा को चुना गया। इस तरह यह मैच एन एस क्रिकेट अकेडमी ने 70 रन से जीत लिया। दूसरे मैच में एपीएस क्रिकेट अकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 278 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए अक्षत कौशिक ने 58, सारांश ने 50, उवैस ने 48 व उवैद ने 25 रन बनाए। सोनकपुर स्टेडियम के लिए रुद्राक्ष सोनकर और शिवम राजपूत ने 2–2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए सोनकपुर स्टेडियम 11.5 ओवर में 76 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । टीम के लिए अंसुल ने 36 रन बनाये।

# वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ पर एमसीए में मौजूद रहेंगे तेंदुलकर, गावस्कर समेत कई भारतीय कप्तान

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में शामिल होंगे। एमसीए की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ये कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी। मुंबई के दिग्गज, पूर्व और वर्तमान भारतीय क्रिकेट कप्तान - जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी शामिल हैं, वानखेड़े स्टेडियम के ऐतिहासिक महत्व को




मनाने के लिए एकजुट होंगे। यह उत्सव खेल की विरासत में स्टेडियम की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने का वादा करता है। मुख्य कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इस शाम की मेजबानी प्रतिभाशाली मंदिरा बेदी और प्रसन्ना संत करेंगे, जो आकर्षक प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के माध्यम से दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों अवधूत गुप्ते और अजय-अतुल प्रदर्शन से लोगों का मनोरंजन करेंगे, साथ ही लेजर शो का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, जैसा कि हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, हम सभी क्रिकेट प्रशंसकों को इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रित करता हूँ। हमारे महान नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे, और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत को ट्रिब्यूट देंगे जो मुंबई का गौरव है। आइए इस उत्सव को वास्तव में अविस्मरणीय बनाएं।

# पीसीबी हॉल ऑफफेम में शामिल हुए मिस्बाह, इंजमाम, सईद, मुश्ताक

**एजेंसी,लाहौर**

इंजमाम-उल-हक, मिस्बाह-उल-हक, मुश्ताक मोहम्मद और सईद अनवर को 2024 के लिए पीसीबी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को उक्त घोषणा की। पीसीबी हर साल दो पूर्व क्रिकेटरों को पीसीबी हॉल ऑफ फेम में शामिल करता है। लेकिन इस बार, 2024 के लिए चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया, क्योंकि 2023 में कोई खिलाड़ी शामिल नहीं था। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड द्वारा जारी एक बयान में कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से, मैं इन चार क्रिकेट दिग्गजों को पीसीबी हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं। यह सम्मान पाकिस्तान क्रिकेट और वैश्विक खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान सम्मान है। पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक ने वनडे क्रिकेट में पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया है, उनके नाम 11,701



रन दर्ज हैं। वह वर्तमान में 8,829 रन के साथ पाकिस्तान के टेस्ट रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। स्पिनरों के सबसे बड़े दुःस्वप्न इंजमाम ने 31 टेस्ट मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी की, जिसमें से 11 जीते, नौ ड्रॉ रहे और 11 हारे। उन्होंने 87 वनडे मैचों में भी पाकिस्तान की कप्तानी की, जिसमें से 51 जीते, 33 हारे और 3 में कोई नतीजा नहीं निकला। उनके 25 टेस्ट शतकों में से 17 जीत के दौरान आए; उनके 10 वनडे शतकों में से सात पाकिस्तान की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिस्बाह-उल-हक पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों के प्रतिभाशाली पूल में एक और खिलाड़ी हैं। अपनी बेदाग तकनीक के लिए जाने जाने वाले मिस्बाह ने 56 टेस्ट मैचों में पाकिस्तान का नेतृत्व किया और 26 जीते। उन्होंने 2015 विश्व कप और आठ टी 20 आई सहित 87 मैचों में भी टीम का नेतृत्व किया। अपने शानदार करियर के दौरान, मिस्बाह ने 162 एकदिवसीय मैचों में 5,122 रन बनाए, जो शतक बनाए बिना करियर में किसी भी व्यक्ति द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रन हैं। 42 अर्धशतक बनाने के बावजूद, सितारे मिस्बाह के पक्ष में नहीं थे क्योंकि वह 50 ओवर के प्रारूप में तीन अंकों का आंकड़ा छूने में विफल रहे। हरफनमौला कौशल वाले आक्रामक चरित्र मुश्ताक मोहम्मद ने 1959-1979 तक 57 टेस्ट मैचों में 3,643 रन बनाए और 79 विकेट लिए। उन्होंने 1976 से 1979 के बीच 19 टेस्ट मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी की, जिसमें से आठ में जीत हासिल की, जिसमें 1977 में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान की पहली टेस्ट जीत भी शामिल है, सात ड्रॉ रहे और चार हारे। सईद अनवर, जो अपने समय में एक तेजतर्रार बल्लेबाज थे, ने अपने तीसरे टेस्ट में 169 रन बनाए और 55 टेस्ट मैचों में 11 शतकों सहित 4,052 रन बनाए। उन्होंने सात टेस्ट मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी भी की। सईद का बल्ले से कौशल सिर्फ लाल गेंद के क्रिकेट तक ही सीमित नहीं था। उन्होंने 247 एकदिवसीय मैचों में उल्लेखनीय 8,824 रन बनाए, जिसमें घर से बाहर 205 एकदिवसीय मैचों में 7,227 रन शामिल हैं। नकवी ने कहा, मुश्ताक मोहम्मद को पाकिस्तान के बेहतरीन कप्तानों में से एक माना जाता है, जो अपनी शानदार नेतृत्व क्षमता और प्रेरणादायी शैली के लिए जाने जाते हैं। इंजमाम-उल-हक की अपार प्रतिभा और मैच जीतने की क्षमता ने खेल पर एक अमिट छाप छोड़ी है। मिस्बाह-उल-हक ने चुनौतीपूर्ण समय में पाकिस्तान टीम की कमान संभाली, उसे टेस्ट रैंकिंग के शिखर पर पहुंचाया और कैरेबियाई में ऐतिहासिक श्रृंखला जीत हासिल की।

# वर्ल्ड पैडल लीग का भारत में पदार्पण, मुंबई करेगा मेजबानी

**एजेंसी,मुंबई**

यूएई में अपनी जबरदस्त सफलता के बाद, वर्ल्ड पैडल लीग (डब्ल्यूपीएल) भारतीय पैडल महासंघ (आईपीएफ) के समर्थन भारत में पदार्पण को तैयार है। इस लीग का आयोजन मुंबई के नेस्को सेंटर में 5 से 8 फरवरी तक किया जाएगा। लीग में 4 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें दुनिया के 32 शीर्ष पैडल खिलाड़ी भाग लेंगे। दर्शकों को 4 दिनों में कोर्टसाइड एक्शन का भरपूर आनंद मिलेगा। क्लाउडिया फर्नांडीज सांचेज (महिला विश्व नंबर 3), मार्टा ऑर्टिगा गैलेगो (महिला विश्व नंबर 7), सोफिया अराउजो (महिला विश्व नंबर 8), एलेजांद्रा सालाजार बेंगोएचिया (महिला विश्व नंबर 15), फेडेरिको चिंगोटो (पुरुष विश्व नंबर 4), जॉन सैन्ज़ (पुरुष विश्व नंबर 9), कार्लोस डैनियल गुटिरेज़ (पुरुष विश्व नंबर 19) सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पैडल खिलाड़ी पहली बार भारतीय धरती पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रमुख शहरों में



बढ़ती भागीदारी और बढ़ते बुनियादी ढांचे के साथ, पैडल भारत में तेजी से बढ़ रहा है। डब्ल्यूपीएल और आईपीएफके बीच साझेदारी खेल के विकास को और तेज करने के लिए तैयार है, जो खेल प्रेमियों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रेरित करेगी। वर्ल्ड पैडल लीग में अब एक महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में भारतीय पैडल महासंघ की अध्यक्ष स्नेहा अग्रहम सहगल ने कहा, वर्ल्ड पैडल लीग की तैयारियां जोरों पर हैं और हम भारत में इसके बहुप्रतीक्षित आगाज का इंतजार कर रहे हैं। पैडल के कुछ सबसे बड़े नाम अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं, यह आयोजन भारत में खेल की लोकप्रियता को बढ़ाने का वादा करता है। यह निश्चित रूप से पैडल के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगा, जो सभी आयु समूहों के अधिक भारतीय प्रशंसकों को इस रोमांचक खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। वर्ल्ड पैडल लीग के सीओओ नवदीप अनेजा ने कहा, हमें वर्ल्ड पैडल लीग को भारत में लाने पर गर्व है, जहां यह खेल तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 2 वर्षों में, पैडल ने भारतीय बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है और यह भारत में पैडल क्रांति को बढ़ावा देने में मदद करना का एक शानदार समय है। हम एक शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए उत्सुक हैं ।

# ओम बिरला ने कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अनिल अग्रवाल के दृष्टिकोण की सराहना की



**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोक सभा के माननीय स्पीकर श्री ओम बिरला ने 100 साल पुराने रिवरसाईड स्टुडियो ट्रस्ट को कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल सेंटर में बदलने के लिए वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के दृष्टिकोण की सराहना की। थेम्स नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित विश्वविख्यात ग्लोबल सेंटर ऑफ आर्ट्स में सभा को सम्बोधित करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह स्टुडियो दुनिया भर के कलाकारों एवं परफॉर्मर्स को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। विभिन्न महाद्वीपों में कला, संस्कृति एवं इनोवेशन को एक दूसरे के साथ जोड़ने के प्रयास में वेदांता ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल अब इस आइकोनिक रिवरसाईड स्टुडियोज़ के मालिक होंगे।

'मैं श्री अग्रवाल को धन्यवाद देना चाहूंगा, जो इतने प्रतिष्ठित मंच पर कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। दुनिया भर के कलाकारों को अब लंदन के इस सेंटर से संस्कृति एवं कला के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।' श्री बिरला ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा, ''रिवरसाईड स्टुडियोज़ ट्रस्ट इन कलाकारों की प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए विश्वस्तरीय मंच की भूमिका निभाएगा।'

श्री बिरला ने कला, संस्कृति एवं इनोवेशन के संयोजन के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने वाले प्रतीक के रूप में रिवरसाईड स्टुडियोज़ की सराहना की। इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए वेदांता के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल ने कहा, ''रिवरसाईड स्टुडियोज़ में श्री ओम बिरला का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका दृष्टिकोण और नेतृत्व हमें न सिर्फ आर्थिक साझेदारियों बल्कि हमारी साझा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के माध्यम से भारत एवं यूके के संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।' लोक सभा के माननीय स्पीकर ने शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और बच्चों के समग्र विकास की दिशा में वेदांता के अग्रणी प्रयासों की भी सराहना की। गौरतलब है कि वेदांता ने आंगनवाड़ियों को नंदघरों में बदलकर इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं।

'नंदघर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं पोषण उपलब्ध कराते हैं। इस तरह के प्रयास समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं।' उन्होनें कहा। दौरे का समापन प्रतिष्ठित रिवरसाईड स्टुडियोज़ के गाइडेड टूर के साथ हुआ, जहां श्री ओम बिरला ने कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस सेंटर की समृद्ध धरोहर की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के सेंटर सांस्कृतिक कूटनीति को बढ़ाने एवं लोगों के बीच के संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सप्ताह में 90 घंटे काम करने वाले बयान पर सुब्रमण्यन ने कहा- बेहतर परिणाम के लिए असाधारण प्रयास जरूरी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** एलएंडटी (लार्सन एंड टूब्रो) के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन की ओर से काम के घंटों पर की गई टिप्पणी खासी सुर्खियों में रही। अब एलएंडटी ने चेयरमैन सुब्रमण्यन का बचाव करते हुए सफाई दी है। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए असाधारण प्रयास करने की जरूरत होती है। सुब्रमण्यन ने कर्मचारियों से बातचीत के एक वीडियो में कहा था कि उन्हें सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए और रविवार को भी छुट्टी नहीं लेनी चाहिए। इस बयान के बचाव में कंपनी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण हमारे जनादेश का मूल है। बीते 8 दशक से अधिक समय से हम भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर, बिजनेस और तकनीकी क्षमताओं को आकार देने में लगे हैं। हमारा मानना है कि यह भारत का दशक है, एक ऐसा समय जिसमें विकास को और आगे बढ़ाने व एक विकसित राष्ट्र बनने के हमारे साझा दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सामूहिक समर्पण और प्रयास की आवश्यकता है।

कंपनी की ओर से कहा गया कि हमारे चेयरमैन की टिप्पणी इस महत्वाकांक्षा को दर्शाती है कि असाधारण परिणामों के लिए असाधारण प्रयास की आवश्यकता होती है। एलएंडटी में हम एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां जुनून, उद्देश्य और प्रदर्शन हमें आगे बढ़ाते हैं।

सुब्रमण्यन ने कहा था कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए और रविवार को भी छुट्टी नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों से पूछा, फ्रआप अपनी पत्नी को कितनी देर तक घूर सकते हैं?फ्र उन्होंने कर्मचारियों से घर पर कम और कार्यालय में ज्यादा समय बिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुझे खेद है कि मैं आपको रविवार को काम करने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। अगर मैं आपको रविवार को काम करने के लिए बाध्य कर सक सकूं, तो मुझे अधिक खुशी होगी, क्योंकि मैं रविवार को काम करता हूं।फ्र सुब्रमण्यन ने आगे सवाल किया कि घर पर रहने के दौरान कर्मचारी क्या करते हैं। उन्होंने पूछा, फ्रआप घर पर बैठकर क्या करते हैं? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक घूर सकते हैं? तो फिर चलो चलो, दफ्तर आओ और काम करना शुरू करो।

**सोशल मीडिया यूजर्स ने की थी बयान की तीखी आलोचना**

यह वीडियो, जिसे सबसे पहले रेडिट पर शेयर किया गया था, यह वायरल हो गया। सोशल मीडिया पर इसकी खूब आलोचना की गई। कई यूजर्स ने सुब्रमण्यन की टिप्पणियों को गलत बताया और उनकी तुलना पिछले साल इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की ओ से की गई टिप्पणियों से की। मूर्ति ने सुझाव दिया था कि युवा भारतीयों को राष्ट्र निर्माण में मदद करने के लिए सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए, उनके इस विचार का, व्यापक विरोध हुआ था।

# छग शौण्डिक समाज का भव्य सम्मेलन आज से



**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह 11 और 12 जनवरी को रायपुर में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन की अगुवाई छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि प्रो. राम अवतार महतो (अखिल भारतीय शौण्डिक संघ) अध्यक्षता करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री श्री रामविचार नेताम, रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, श्री श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन समेत समाज के कई गणमान्य व्यक्ति इस सम्मेलन में शामिल होंगे।

शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान को समर्पित है। इसमें समाज के सदस्य अपने विचारों और अनुभवों को साझा करेंगे। 12 जनवरी को समाज के उत्थान और दिशा पर परिचर्चा एवं चिंतन बैठक का आयोजन भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों और देश-विदेश से बड़ी संख्या में शौण्डिक समाज के लोग इस सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन में शौण्डिक रत्न अलंकरण समारोह भी आयोजित किया जा रहा है। समाज के उत्थान और दिशा पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में यह सम्मेलन शौण्डिक समाज के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह समाज की एकता और प्रगति को मजबूत करेगा।

# भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, संयुक्त राष्ट्र ने जताया अनुमान



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2025 6.6त्न रह सकती है। इसमें मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत और निवेश से मदद मिलेगी। इसके साथ ही, दक्षिण एशिया में भी आर्थिक वृद्धि इस साल मजबूत रहने की उम्मीद है।रिपोर्ट के अनुसार यह मुख्य रूप भारत के मजबूत प्रदर्शन से ही संभव हो सकेगा। संयुक्त ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। 'संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति व संभावना 2025' रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया के लिए निकट अवधि का परिदृश्य मजबूत रहने की उम्मीद है, जिसमें 2025 में 5.7 प्रतिशत और 2026 में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। यह भारत में मजबूत प्रदर्शन के साथ-साथ भूटान, नेपाल तथा श्रीलंका सहित कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक सुधार से प्रेरित है।

भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था के 2026 में फिर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर पर लौटने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''दक्षिण एशिया क्षेत्र में सबसे बड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था के 2025 में 6.6 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है, इसे मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत और निवेश से समर्थन मिलेगा। इसके अलावा, बुनियादी ढांचे के विकास पर पूंजीगत व्यय से आने वाले वर्षों में वृद्धि पर मजबूत प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।''

रिपोर्ट के अनुसार 2024 में अनुकूल मानसून की बारिश से सभी प्रमुख फसलों की ग्रीष्मकालीन बुवाई में सुधार होगा जिससे 2025 में कृषि उत्पादन बढ़ने की संभावना है। यूएन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पूर्वी एशिया व दक्षिण एशिया में निवेश मजबूती से बढ़ी है। यह इजाफा आंशिक रूप से नई आपूर्ति श्रृंखलाओं में घरेलू व विदेशी निवेश से प्रेरित है, खासकर भारत, इंडोनेशिया और वियतनाम में...।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में रोजगार संकेतक 2024 तक मजबूत बने रहे जिससे श्रम बल भागीदारी रिकॉर्ड स्तर के करीब रही। इस अवधि में शहरी बेरोजगारी 6.6 प्रतिशत रही- जो 2023 में दर्ज 6.7 प्रतिशत की दर से लगभग अपरिवर्तित है। साथ ही देश में महिला कार्यबल इजाफा हुआ है लेकिन, इसके बावजूद लैंगिक असमानता बनी हुई है।

# अकासा एयर के पायलटों के एक वर्ग ने नियुक्ति व रोस्टरिंग पर खड़े किए सवाल, की जांच की मांग



**एजेंसी, मुंबई।** अकासा एयर के पायलटों के एक वर्ग ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर एयरलाइन की नियुक्ति प्रथाओं की जांच की मांग की है, जिसमें रोस्टरिंग के मुद्दे और अन्य खामियों का आरोप लगाया गया है। अन्य बातों के अलावा, इन पायलटों ने दावा किया है कि कुछ ऑपरेटिंग क्रू समय पर काम पर नहीं आते हैं और उन्होंने दावा किया कि समय पर कार्य निष्पादन की रिपोर्टिंग में समस्याएं हैं। गुरुवार को पायलटों के एक वर्ग ने नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू, नागरिक उड्डयन सचिव और नागरिक उड्डयन महानिदेशक को एक ई-मेल भेजकर एयरलाइन की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। अकासा एअर की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। ई-मेल में पायलटों ने एयरलाइन की भर्ती प्रक्रियाओं की जांच की मांग की है तथा दावा किया है कि भर्ती कुछ चुनिंदा लोगों की मर्जी के अनुसार की जा रही है। यह भी आरोप लगाया गया कि एयरलाइन के पास स्थिर रोस्टर नहीं है।

हाल ही में पायलटों के एक वर्ग ने एयरलाइन में कथित प्रशिक्षण और सुरक्षा मुद्दों के बारे में चिंता जताई थी, हालांकि एयरलाइन ने इसे निराधार और असत्य बताकर खारिज कर दिया था। हाल के महीनों में, अकासा एयर, जो दो वर्षों से अधिक समय से उड़ान भर रही है, कुछ खामियों के कारण नियामकीय जांच के दायरे में आ गई है।

इस महीने की शुरुआत में, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (ष्ठत्रष्ट) ने मार्च 2024 में एक यात्री विमान की लैंडिंग में चूक के लिए अकासा एअर के पायलट को दी गई लाइन ट्रेनिंग कैप्टन की मंजूरी अगले आदेश तक वापस ले ली। दिसंबर में डीजीसीए ने पायलटों के प्रशिक्षण में कथित खामियों के चलते एअरलाइन के परिचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को छह महीने के लिए निलंबित करने का आदेश दिया था। पिछले वर्ष अक्तूबर में डीजीसीए ने चालक दल के प्रशिक्षण में कुछ खामियों के लिए एयरलाइन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।

# इनग्राम माइक्रो ने संजीब साहू को वैश्विक प्लेटफॉर्म का अध्यक्ष नियुक्त किया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वैश्विक प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र के हिसाब से खुद को ढालने की कवायद के तहत अग्रणी बिजनेस-टू-बिजनेस प्लेटफॉर्म इनग्राम माइक्रो होल्डिंग कॉरपोरेशन ने डिजिटल क्षेत्र के लीडर संजीब साहू को प्रमोट कर ग्रुप का अध्यक्ष बनाया है। साहू कंपनी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएंगे। साहू ग्रुप के डिजिटल ट्विन Xvantage के निरंतर विकास का काम भी जारी रखेंगे। यह एक पेटेंट-लंबित B2B प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म है। इसे इनग्राम माइक्रो के साथ काम करना आसान बनाने और अधिक मूल्यवान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

**नियुक्ति पर कंपनी के सीईओ क्या बोले?**

इनग्राम माइक्रो के सीईओ पॉल बे ने कहा, 'वैश्विक प्रौद्योगिकी उद्योग में अपने दशकों के अनुभव के कारण मुझे हमारे ग्लोबल प्लेटफॉर्म ग्रुप के अध्यक्ष के रूप में संजीब की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। एक सिद्ध व्यवसायिक रणनीतिकार और डिजिटल इनोवटर, संजीब का विस्तारित नेतृत्व और समर्पित टीम एक प्लेटफॉर्म कंपनी बनने के हमारे दृष्टिकोण को गति प्रदान करेगी। इससे सिलिकॉन वैली में बी2बी ग्राहक अनुभव को फिर से स्थापित किया जा सकेगा।



**कोलकाता के साहू ने सिलिकॉन वैली में छोड़ी है अपनी छाप**

कोलकाता के रहने वाले साहू ने सिलिकॉन वैली में लगातार अपनी छाप छोड़ी है। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्र संजीब साहू ने प्रौद्योगिकी और व्यवसाय की दुनिया में अपने योगदान के कारण कई सम्मान हासिल किए हैं। इनमें में इंडिया 2030 लीडरशिप कॉन्क्लेव में इंडस्ट्री के ट्रेंडसेटर, भारत सम्मान अवार्ड, एशिया वन पर्सन ऑफ द ईयर और इकोनॉमिक टाइम्स की ओर से दिया गया टेक्नोलॉजी ग्लोबल आइकन सम्मान शामिल हैं।

2021 में इनग्राम माइक्रो से जुड़े संजीब साहू

इससे पहले, साहू ने कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष, वैश्विक प्रौद्योगिकी और मुख्य डिजिटल अधिकारी के रूप में सेवाएं दी हैं। 2021 में नियुक्ति के बाद उन्होंने Ingram Micro Xvantage का विजन और रोडमैप तैयार किया। जिससे 2022 में कंपनी एक नई यात्रा के लिए तैयार हुई। 16 से अधिक देशों में इस्तेमाल होने वाला Xvantage विशिष्ट और उद्देश्यपूर्ण तरीके से डिजाइन किया गया है। इसके पास 2.9 करोड़ कोड लाइन, 20 इंटेलिजेंट इंजन हैं। इसके साथ ही इसके 30 पेटेंट पेंडिंग हैं।

**इनग्राम मैक्रो की रणनीतियों का नेतृत्व करेंगे संजीब**

प्लेटफॉर्म के वैश्विक अध्यक्ष के तौर पर संजीब साहू इनग्राम मैक्रो के रणनीतियों से जुड़ी हर पहलू का नेतृत्व करेंगे। इसमें प्लेटफॉर्म का विकास, इनोवेशन, वैश्विक विकास, सेवा व सपोर्ट और व्यापार का विस्तार शामिल है। साहू इनग्राम माइक्रो ग्लोबल प्लेटफॉर्म ग्रु प के प्रमुख नेतृत्व टीम का कामकाज भी देखेंगे।

# पोको ने दिखाया अपना एक्स फैक्टर: अक्षय कुमार के साथ लॉन्च किये एक्स7 व एक्स7 प्रो

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इनोवेशन की अपनी विरासत को जारी रखते हुए, भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते कंज्यूमर टेक ब्रैंड्स में से एक, पोको ने जयपुर में एक जबर्दस्त इवेंट में अपनी प्रमुख एक्स7 सीरीज़- पोको एक्स7 5जी और पोको एक्स7 प्रो 5जी का अनावरण किया। बेहतरीन डिस्प्ले, परफॉरमेंस में जबर्दस्त और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी के लिए अत्याधुनिक एडवांसमेंट से लैस, एक्स7 सीरीज़ स्मार्टफोन की उत्कृष्टता को फिर से परिभाषित करती है और प्रीमियम सेगमेंट में पोको की लीडरशिप को मज़बूत करती है। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी मौजूदगी से इस लॉन्च को और भी बेहतरीन बनाया। अक्षय कुमार को पोको इंडिया के चेहरे के रूप में पेश किया गया, जो ब्रैंड के बोल्ड और निडर पहचान के प्रतीक हैं। यह फ्रएक्सीड योर लिमिट्स (अपनी सीमाओं को पार करें)फ्र के पोको ब्रांड के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

इस मौके पर पोको इंडिया के कंट्री हेड हिमांशु टंडन ने कहा, फ्रपोको में, हम जो भी निर्णय लेते हैं, उसमें इनोवेशन की अहम भूमिका होती है। ङ्म7 सीरीज़ के साथ, हम प्रीमियम स्मार्टफोन कैटेगरी में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। हम पोको इंडिया के चेहरे के रूप में अक्षय कुमार को पाकर उत?साहित हैं, जिनकी एनर्जी से भरपूर उपस्थिति उत्कृष्टता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता के मुताबिक है। ङ्म7 सीरीज़ के साथ, हमें मीडियाटेक डाइमेंशन 8400 अल्ट्रा और शाओमी हाइपरओएस 2.0 को ग्लोबल स्तर पर लॉन्च करने पर गर्व है। साथ ही हमने फ्लैगशिप-ग्रेड कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास प्रोटेक्शन के साथ ढ्ढक्क66+ और ढ्ढक्क68 रेटिंग वाले मजबूती के नए मानक भी स्थापित किए हैं। ङ्म7 5त्र के सेगमेंट-फर्स्ट 1.5च्य स्नह्रुस्श्वष्ठ 3ष्ठ कर्व्ड डिस्प्ले से लेकर ङ्म7 प्रो 5त्र के बेजोड़ प्रदर्शन तक, यह सीरीज़ हमारी पिछली पीढ़ी से एक बड़ी छलांग है, जो किफायती कीमत में फ्लैगशिप नए-नए प्रोडक्ट्स पेश करती है।

**पोको एक्स7 5जी के साथ अपनी सीमाओं को पार करें**

शानदार डिस्प्ले और ड्यूरैबिलिटी का संगम




पोको एक्स7 5जी की इस सेगमेंट में सबसे टिकाऊ 1.5K AMOLED 3D कर्व्ड डिस्प्ले के साथ सबसे अलग पहचान है, जो 3000 निट्स पीक ब्राइटनेस और बेजोड़ मजबूती के लिए कॉर्निंग0 गोरिल्ला0 ग्लास विक्टस 2 के साथ आता है। ढ्ढक्क66, ढ्ढक्क68 और ढ्ढक्क69* (*समर्थित) रेटिंग के साथ, ङ्म7 5त्र को पानी, धूल और रोज़मर्रा की चुनौतियों का सामना करने के लिए बनाया गया है। यह सुनिश्चित करता है कि यह फोन जितना शानदार है, उतनी ही मजबूत भी बना रहे।

शानदार, लैग-फ्री परफॉर्मेंस

मीडियाटेक डायमेंशन 7300 अल्ट्रा चिपसेट पर चलने वाला ङ्म7 5त्र सुचारू रूप से बिना किसी रुकावट के प्रदर्शन करता है। इसकी 5500द्वद्ध की बैटरी फोन को पूरे दिन बिजली सप्लाई करती है, जबकि 45ड्ड हाइपरचार्ज डाउनटाइम को कम करता है, जिससे आपका डिवाइस कुछ ही समय में चार्ज हो जाता है।

एडवांस्?ड कैमरा

50रूक्क सोनी लिट-600 प्राइमरी कैमरे से दुनिया को शानदार डिटेल के साथ कैप्चर करें। इसका बड़ा द्घ/1.5 अपर्चर और ्रढ्ढ-संचालित फीचर्स, जैसे कि ्रढ्ढ नाइट मोड जैसे ्रढ्ढ- आधारित फीचर कम रोशनी में भी जीवंत फ़ोटोग्राफ़ी की सुविधा देते हैं। इसी तरह ्रढ्ढ इरेज़ प्रो जैसे फीचर फ़ोटो संपादन के लिए हैं। ङ्म7 5त्र चाहे दिन हो या रात हर शॉट को एक मास्टरपीस में बदल देता है।

**स्टाइलिश, यंग और मजबूत डिज़ाइन**

पोको येलो, कॉस्मिक सिल्वर और ग्लेशियर ग्रीन फ़िनिश के साथ खूबसूरती और मजबूती का संगम है। ये प्रीमियम सेगमेंट की खूबसूरती को मज़बूती और गुणवत्ता के साथ जोड़ता है। ङ्म7 5त्र को दैनिक उपयोग की चुनौतियों को झेलते हुए आपके जीवन में सहजता से फिट होने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**पोको ङ्म7 प्रो 5त्र के साथ सभी सीमाओं को पार करें**

बेजोड़ इनोवेशन के साथ भारत की सबसे बड़ी बैटरी

पोको एक्स7 प्रो में भारत की सबसे बड़ी 6550mAh की बैटरी है, जो सिलिकॉन कार्बन तकनीक और बेहतर प्रदर्शन, लॉन्ग लाइफ और सेफ्टी के लिए एक ठोस इलेक्ट्रोलाइट से बनाई गई है। 90ड्ड हाइपरचार्ज तकनीक के साथ, यह आपको दिन भर के लिए एनर्जी देता है और केवल 19 मिनट में 0त्न से 50त्न तक चार्ज हो जाता है, जो अपने सेगमेंट में मजबूती को फिर से परिभाषित करता है।


## कार्यालय जोन क्रमांक-3, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

**क्रमांक 75/न.पा.नि./जोन-03/2024-25** — **रायपुर, दिनांक 10.01.2025**

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-**

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 27.01.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 28.01.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 03.02.2025 कार्यालयीन समय 4.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 03.02.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण | समयावधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गुरू गोविंद सिंह वार्ड क्र. 29 जोन क्र. 03 डॉ. अजवानी गली एवं यादव पारा के गली में सी. सी. रोड एवं कव्वड नाली निर्माण कार्य। | 4.00 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यु.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 03 माह | विधायक निधि |
| 02 | मदर टेरेसा वार्ड क्र. 48 जोन क्र. 03 आदित्य पब्लिक स्कूल से हरीश ठाकुर के बाजू तक कव्वर्ड नाली निर्माण कार्य। | 3.00 | 3000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यु.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 02 माह | विधायक निधि |
| 03 | मदर टेरेसा वार्ड क्र. 48 जोन क्र. 03 अजय प्रेमचंदानी के घर के पीछे से संतोष राठौर के घर तक महाराणा प्रताप उद्यान के सामने नाली कव्वर्ड कार्य। | 4.00 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ' (पी.डब्ल्यु.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.) | 03 माह | विधायक निधि |

1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में जोन क्रमांक-03 नगर पालिक निगम, रायपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ई-मेल आईडी datacenter.uad.nic.in आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
4. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-03
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 11, जनवरी 2025

# पर्यटन के तौर पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्रों का किया अवलोकन

## कलेक्टर ने विकास के सबंध में अधिकारियों से की चर्चा



**जशपुर,प्रतिदिन राजधानी**
जशपुर पर्यटन के प्रमुख केंद्र के तौर पर विकसित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने पर्यटन के तौर पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्रों को दौरा किया और इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने नीमगांव डेम, पर्यावरण वाटिका बगिया, कांसाबेल में मधुवन औषधि वाटिका व एनिमल रेस्क्यू सेंटर और तपकरा में प्रस्तावित सर्प ज्ञान केंद्र और पमशाला का अवलोकन कर इन्हें पर्यटन के तौर पर विकसित किए जाने और इनसे उत्पन्न होने वाले रोजगार के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की।

कलेक्टर श्री व्यास ने नीमगांव डेम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वनमंडलाधिकारी श्री जितेन्द्र उपाध्याय, सिंचाई विभाग के एसडीओ श्री एस.के.रात्रे, तहसीलदार श्रीमती जयश्री राजनपथे, नायब तहसीलदार श्री राजेश यादव सहित वहां मौजूद अन्य अधिकारियों से इसे पर्यटन के तौर पर विकसित किए जाने के संबंध में चर्चा की और अधिकारियों को इस संबंध में प्रस्ताव बना कर प्रस्तुत करने को कहा। अधिकारियों ने बताया की नीमगांव डेम को पक्षी विहार के तौर पर विकसित किया जाना है। इस डेम में प्रवासी पक्षी आते हैं। नवंबर से मार्च तक इनका यहां पर बसेरा रहता है। इस डेम से आसपास के 4 गांवों की सिंचाई होती है। पक्षी विहार बन जाने से यहां पर लोगों की आमद बढ़ेगी, इससे आसपास के ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा। कलेक्टर श्री व्यास बगिया में बन रहे पर्यावरण वाटिका का अवलोकन करने पहुंचे। लगभग 28 हेक्टेयर में बन रहे पर्यावरण वाटिका में हर्बल प्लांटेंशन, वाटर फॉल, मेडिटेशन हट, पगोड़ा, चिल्ड्रन पार्क, सहित अन्य निर्माण कार्य होना है। कलेक्टर ने इसे समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कांसाबेल में मधुवन औषधि वाटिका का अवलोकन किया। लगभग 2 हेक्टेयर परिक्षेत्र में निर्मित इस वाटिका के पुराने स्वरूप में लाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और साफ-सफाई रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कांसाबेल एनिमल रेस्क्यू सेंटर का भी अवलोकन किया। इस रेस्क्यू सेंटर में जंगली जानवरों का इलाज, भोजन सहित अन्य सुविधा प्रदान किया जाता है। इलाज हो जाने पर उन्हें पुनः जंगल की ओर छोड़ दिया जाता है। कलेक्टर ने तपकरा में प्रस्तावित सर्प ज्ञान केंद्र का भी अवलोकन किया। लगभग 15 हेक्टेयर में बनने वाले इस केंद्र में पार्क का निर्माण किया जाना है। सर्पज्ञान केंद्र बन जाने से आम लोगों को सर्प सें संबंधित जानकारी मिलेगी और जागरूकता प्रसार से सांपों का संरक्षण और संवर्धन करने में भी मदद मिलेगी।

# जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों खूनी संघर्ष


## पत्रकार के परिवार पर कुल्हाड़ी से हमला, माता-पिता और भाई की मौत



**सूरजपुर,प्रतिदिन राजधानी**
सूरजपुर जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के खड़गावा चौकी अंतर्गत जगन्नाथपुर में एक पत्रकार के परिवार पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। इस हमले में पत्रकार के माता-पिता और छोटे भाई की मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, यह वारदात दोपहर करीब 1 बजे हुई। जगन्नाथपुर के डूबकापारा में जमीन विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच चल रही रंजिश इस खूनी संघर्ष का कारण बनी। मृतक माघे टोप्पो अपने बेटे नरेश टोप्पो (30) और पत्नी बसंती टोप्पो (55) के साथ विवादित भूमि पर खेती करने पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपी, जो माघे टोप्पो का रिश्तेदार बताया जा रहा है, ने कुल्हाड़ी से उनके परिवार पर हमला कर दिया। हमले में पत्रकार संतोष टोप्पो के माता-पिता और छोटे भाई की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में माघे टोप्पो (57), उनकी पत्नी बसंती टोप्पो और बेटा नरेश टोप्पो शामिल हैं। आरोपी फरार, इलाके में दहशत

घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है और क्षेत्र में गश्त तेज कर दी गई है। इस हत्याकांड के बाद इलाके में भय और सनसनी का माहौल बन गया है। स्थानीय पत्रकारों में भी डर का माहौल है, और कोई भी खुलकर घटना पर बयान देने को तैयार नहीं है। पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए हैं। सूरजपुर जिले में इस सनसनीखेज घटना के बाद हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच में यह मामला जमीन विवाद का प्रतीत होता है, लेकिन अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगे। क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# वय वंदना कार्ड के लिए विशेष अभियान 11, 15 व 16 जनवरी को




**सूरजपुर,प्रतिदिन राजधानी।** जिले में बनाये जा रहे वय वंदना कार्ड आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत जिले में सभी 70 साल से अधिक (सिनियर सिटिजन) हितग्राहियों का वय वंदना आयुष्मान कार्ड पंजीयन को किया जाना है। इस संबंध में वय वंदना योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड मोबाइल एप्लीकेशन एवं पोर्टल के माध्यम से बनाया जा सकता है। 70 साल से अधिक आयु के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने से उनको पंजीकृत चिकित्सालयों में 5 लाख तक की मुक्त इलाज की सुविधा प्रदान कि जाएगी। जिले में 70 साल या अधिक उम्र के समस्त हितग्राहियों का 11, 15 एवं 16 जनवरी 2025 को विशेष अभियान चला कर घर-घर जा कर वय वंदना कार्ड बनाया जाएगा। जिले के समस्त आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे अपना आयुष्मान कार्ड आवश्यक रुप से बनवाए एवं भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेवें। आयुष्मान कार्ड/वय वंदना कार्ड हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, च्वाईस सेंटर में तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क करें।

# कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और परीक्षा तैयारी के दीए निर्देश

**कवर्धा।** जिले के समस्त हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की आवश्यक बैठक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, दुर्गावती चौक, कवर्धा में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग के तहत संचालित योजनाओं और शैक्षिक गुणवत्ता सुधार पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने वन नेशन-वन स्टूडेंट अपार आईडी क्रिएशन प्रगति, परीक्षा पे चर्चा 2025 पंजीयन, तंबाकू मुक्त विद्यालय अभियान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि शैक्षिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए उपचारात्मक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाए। प्रतिदिन 3-3 अध्यायों के टेस्ट और विगत वर्षों के प्रश्नपत्र हल कराने की प्रक्रिया अपनाई जाए। साथ ही, प्रतिभाशाली छात्रों को बेहतर तैयारी के लिए समुचित समर्थन प्रदान किया जाए, ताकि राज्य के टॉप टेन में अधिक से अधिक छात्रों का नाम शामिल हो सके। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने और जेईई व नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को पूर्व वर्ष के प्रश्नपत्रों का अभ्यास कराने पर जोर दिया।

# एटीएल छात्रों की राज्य स्तरीय उपलब्धि, शिक्षा सचिव ने की सराहना

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ और यूनिसेफ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एटीएल (अटल टिंकरिंग लैब) मॉडल प्रदर्शनी में महासमुंद जिले के 6 एटीएल स्कूलों ने शानदार प्रदर्शन किया। नर्रा, बेलसांडा, देवरी, गांजर, महासमुंद और केंद्रीय विद्यालय के 8 प्रोजेक्ट का चयन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए हुआ। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी और समग्र शिक्षा के प्रबंध निदेशक संजीव झा ने छात्रों के मॉडलों की सराहना की। नर्रा स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्टूडेंट हेल्थ मॉनिटर मॉडल ने विशेष ध्यान आकर्षित किया। सचिव परदेशी ने छात्रों से संवाद कर उनके इनोवेटिव विचारों की प्रशंसा की और पीठ थपथपाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, सहायक संचालक सतीश नायर और नंदकिशोर सिन्हा ने छात्रों को बधाई दी।

# मोबाईल दुकान से चोरी करने वाला गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोबाईल बरामद

**दंतेवाड़ा,प्रतिदिन राजधानी।** अवैध जुआ सट्टा के मामले में 01 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही असामाजिक तत्वों एवं आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने हेतु गीदम पुलिस की कार्यवाही जारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अपराधों की रोकथाम एवं असामजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय जिला दन्तेवाड़ा के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनाला स्मृतिक के मार्गदर्शन एवं उन्नति ठाकुर एसडीओपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस लगातार असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। मंगलवार को शाम ओम साई मोबाईल दुकान गीदम थाना गीदम जिला दन्तेवाडा में अज्ञात व्यक्ति द्वारा 02 नग मोबाईल फोन जिसकी किमत 19,800/रू0 चोरी की सूचना प्रार्थी राहुल कागदेलवार के द्वारा दिनांक 09.01.2025 को थाना गीदम में दी गई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गीदम में अपराध क्रमांक 4/2025 धारा 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी के पता तलाश हेतु लगाया गया। थाना गीदम टीम द्वारा आरोपी की पतासजी हेतु मुखबिर लगाये गये थे एवं घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी टीम के द्वारा देखे जा रहे थे।

# कलेक्टर ने आड़ावाल क्षेत्र में संचालित शिक्षण संस्थाओं का किया निरीक्षण



**जगदलपुर,प्रतिदिन राजधानी**
कलेक्टर हरिस एस ने शुक्रवार को आड़ावाल क्षेत्र में संचालित शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय दृष्टि एव बाधितार्थ विद्यालय, अस्थि बाधितार्थ बालगृह, डीएवी स्कूल एवं लाइवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण किया और संस्थान द्वारा संचालित शिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने दृष्टि एव बाधितार्थ विद्यालय के निरीक्षण में पंजीकृत विद्यार्थियों, व्याख्याता- शिक्षकों की स्थिति, डिजीटल लर्निंग लैब, पुस्तकालय, संगीत कक्ष, छात्रावास की व्यवस्था, अस्थि बाधितार्थ बालगृह के कक्ष, फिजियोथैरेपी सेंटर, शयन कक्ष का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का संज्ञान लिया। उक्त संस्था के समीप संचालित डीएवी स्कूल का भी औचक निरीक्षण किया जहां पर विद्यालय के प्राचार्य ने संस्थान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी । इसके साथ ही कलेक्टर ने लाइवलीहुड कॉलेज का भी निरीक्षण किया, जिसमें संस्थान द्वारा संचालित कोर्सों के संबंध में प्रभारी से जानकारी ली। भवन में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों से बैच प्रारंभ होने से अब तक क्या सीखे की जानकारी ली। इसके साथ ही लाइवलीहुड कॉलेज के अन्य भवनों का अवलोकन किया ।

एमआरएफ और एमआरसी सेंटर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण : कलेक्टर हरिस ने बुरुंदवाड़ा बाबूसेमरा में संचालित मटेरियल रिसायकल फैसिलिट (एमआरएफ) और एमआरसी सेंटर की गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर को संस्थान के कर्मचारियों ने बताया कि शहर के एसआरएलएम सेंटर से गाड़ियों के माध्यम से प्लास्टिक, कार्टून, काँच, लेदर के सामानों की खरीदी कर लाया जाता है इसके अलावा 114 ग्रामों से भी सामान एमआरएफसेंटर पहुंचता है। जिसका छंटाई कर अलग-अलग सामानों को रखा जाता है और उनका विक्रय दूसरे राज्यों के खरीददारों या व्यापारियों को किया जाता है। इसके साथ ही एमआरसी सेंटर में प्लास्टिक कचरा से प्लास्टिक के सिल्ली और दाने बनाने की प्रक्रिया का भी कलेक्टर ने अवलोकन किया। उन्होंने सेंटर के प्रारंभ होने से होने वाली आय के बारे में भी जानकारी ली तथा सेंटर के जरिए होने वाली आमदनी से महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों के जीवन में आए बदलाव का भी संज्ञान लिया।

# छत्तीसगढ़ में 4 आईजी, 7 डीआईजी पदोन्नत हुए



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**
छत्तीसगढ़ में भारतीय पुलिस सेवा के 19 अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है। 18 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 2007 बैच के चार अधिकारी डीआईजी से आईजी बने हैं। वहीं 14 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले 2011 बैच के 7 आईपीएस डीआईजी पदोन्नत हुए हैं। इसी तरह 13 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 2012 बैच के 8 अधिकारियों को चयन श्रेणी वेतनमान का लाभ दिया गया है। सभी अधिकारियों को 1 जनवरी 2025 की स्थिति में पदोन्नति का लाभ दिया गया है तथा उनके वर्तमान पदस्थापना में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दुर्ग और राजनांदगांव के प्रभारी आईजी रामगोपाल गर्ग तथा दीपक झा अब वहां नियमित आईजी हो गए।

# बिजली बिल बकाया वसूली के लिए चलेगा विशेष अभियान



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी बिजली बिल बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान चलाएगी। रायपुर (शहर) क्षेत्र के मुख्यअभियंता श्री एम जामुलकर ने मुख्य अभियंता का पद संभालने के लिए बाद अधिकारियों के साथ विद्युत सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ता सेवा को प्रमुखता प्रदान करने तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति को पहली प्राथमिकता प्रदान करने अधिकारियों को निर्देश दिए। गुढ़ियारी स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बिजली बिल के बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। बिजली बिल बकाया वसूली के लिए बकाया राशि के अनुरूप अधिकारियों को समीक्षा कर आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि औद्योगिक एवं गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के विरूद्ध बकाया राशि दस हजार तक होने पर कनिष्ठ अभियंता, दस हजार से बीस हजार तक सहायक अभियंता, बीस हजार से पचास हजार तक कार्यपालन अभियंता, पचास हजार से एक लाख तक अधीक्षण अभियंता एवं एक लाख से ऊपर के बकाया राशि पर मुख्य अभियंता समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। बैठक के दौरान रायपुर शहर क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता तथा कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारी मौजूद थे. इस दौरान श्री जामुलकर ने विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों की भी समीक्षा की और अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने विशेषकर शासकीय सेवकों को इस हेतु आगे आने का आह्वान भी किया। उन्होंने वितरण हानि को कम करने के लिए अधिक कारगर उपायों पर बल दिया। स्मार्ट मीटरिंग को तेजी से पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

# जैन दादा बाड़ी में समर्पण सखी जैन महिला मंडल का 3 दिवसीय मेगा ट्रेड फेयर का शुभारम्भ



**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**
समर्पण सखी जैन महिला मंडल द्वारा स्वाभिमान से स्वालंबन तक 3 दिवसीय ट्रेड फेयर का शुभारम्भ आज 10 जनवरी को दोपहर 12.36 मिनट में मंत्रोच्चार के साथ किया गया। यह ट्रेड फेयर 10 जनवरी से शुरू होकर 12 जनवरी को सम्पत होगा । समर्पण एवं सखी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका लुंकड एवं श्रीमती मंजू टाटिया ने संयुक्त रूप से बताया कि रायपुर राजधानी में तरह तरह के कई मेलो का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। कई बड़ी कंपनिया एवं बाहर से आई कंपनिया अपना प्रोडक्ट बेचती है। ऐसे में घर बैठे प्रोडक्ट बना कर रोजगार करने वाली महिलाओं को सही जगह,सही बाजार एवं बढ़ावा नहीं मिल पाता है। इन्हीं सब को देखते हुए समर्पण एवं सखी महिला मंडल द्वारा मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन पिछले कई वर्ष से किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जैन समाज की महिलाओं को स्वालंबन से स्वाभिमान की ओर ले जाना है। जिसमें एक ही छत के नीचे एक ऐसा बाजार लगा है जिसमें महिलाएं अपने घर में बनाई हुई सामग्री प्रोडक्ट का प्रदर्शन कर बेच सके साथ ही एक नई पहचान भी उनके व्यापार एवं प्रोडक्ट को मिले। आज के ट्रेड फेयर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती मिनल चौबे द्वारा लाल रिबन काट कर ट्रेड फेयर में प्रवेश किया। साथ ही विशेष अतिथि श्रीमती पूनम शुक्ल योग शिक्षिका, सरिता जैन अध्यक्ष दिगंबर जैन बड़ा मंदिर,रानुलाल जी लूनिया,शीलू लूनिया, जितेंद्र जैन गोलछा,अमित मूणत,अमित बरलोटा, वीरेंद्र डागा, प्रणीत जैन भी उपस्थित थे सभी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण गीत गाकर सभी का अभिवादन किया। नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मिनल चौबे ने बताया कि आने वाला समय महिलाओं का है।चाहे घर हो या बाहर राजनीति,व्यापार हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी कला एवं योग्यता का अच्छा प्रदर्शन कर रही है। ऐसे आयोजनों से घर बैठे कार्य कर रही महिलाओं को रोजगार में बढ़ावा मिलता है साथ ही देश की स्थिति भी मजबूत बनती है। ऐसे भव्य आयोजन में मुझे आने का समय मिला और यहां आकर जो महिलाओं का प्रदर्शन देखने को मिला है इससे लगता है कि घर में हाथ से बनी हुई शुद्ध वस्तुओं की डिमांड बाजार में काफी बढ़ गई है।

# हर घर जलापूर्ति जनसरोकार की सार्थक पहल

## जल जीवन मिशन के जरिए पहाड़ी की तलहटी में बसे कोरली में पानी बनी जीवन दायिनी



**जगदलपुर,प्रतिदिन राजधानी।**
बस्तर की जीवन दायिनी इंद्रावती नदी के किनारे पहाड़ों की तलहटी में बसे 42 घरों वाले कोरली में जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर को जलापूर्ति किया जा रहा है। यह गांव प्रकृति की गोद में खेल रहा है चारों ओर पहाड़ हैं और यहां पहुंचने के लिए घाटियों को पार करके जाना पड़ता है। पहले गांव की लगभग 203 की आबादी नदी के पानी से अपनी दैनिक दिनचर्या निर्वहन कर रही थी। यहां के ग्रामीणों का मुख्य व्यवसाय खेती-किसानी और वनोपज संग्रहण करना है, खेत के काम में पुरुषों का हाथ महिलाएं भी बंटाती हैं और घर के कामकाज सहित बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी सम्भालती हैं। साथ ही घर के बाहर हैण्डपंप एवं नदी से पानी भरने का कार्य भी ये ही करती थी, जिसके कारण शरीर में थकान एवं स्वभाव में बदलाव आम बात हो गया था। लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड अंतर्गत कोरली गांव के सरपंच केशवलाल मौर्य बताते हैं कि गांव के लोगों को प्रत्येक कार्य के लिए नदी के पानी पर निर्भर रहना पड़ता था, बारिश के मौसम में गन्दे पानी के उपयोग से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता था। ग्रामीण बीमार पड़ते थे और ईलाज के लिए ब्लॉक मुख्यालय जाना कष्टप्रद था। लेकिन अब सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन ने हमारे गांव की तस्वीर बदल दी है। सरकार द्वारा सभी घरों में एक जैसा नल लगा कर एक बराबर सभी को पानी दी जा रही है। जिससे महिलाओं को अपने लिए भी समय मिल जाता है, वे खेती-किसानी में सहयोग करने के साथ ही वनोपज संग्रहण में जुटी रहती हैं। सरपंच मौर्य गांव में पानी की खुशहाली देने हेतु सरकार को धन्यवाद देते हुए कृतज्ञता प्रकट करते हैं। खेती-किसानी परिवार से जुड़ी ग्रामीण महिला तुलसी का कहना है कि घर का कोई भी कार्य बिना पानी के नहीं होता है और नदी से पानी भरने के लिए कच्चे रास्ते से जाना पड़ता था। बारिश में चिकनी मिट्टी में पैर फिसल जाते थे बहुत धीरे-धीरे, संभल-संभल कर पानी लाया करते थे किन्तु अब वह दिन यादें बन गई है।

# खड़ी ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत, कई घायल...



**सुकमा ,प्रतिदिन राजधानी।** सुकमा-तेलंगाना बॉर्डर पर भीषण सड़क हादसा हो गया। यात्रियों से भरी बस की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में चार यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, कुछ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों में दो महिला और दो पुरूष है। जानकारी के मुताबिक, जगदलपुर की गुप्ता ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 17 केएस 7719 ओडिशा से हैदराबाद के लिए रवाना हुई थी। शुक्रवार तड़के बस सुकमा होते हुये हैदराबाद जा रही थी। इसी बीच रास्तें में कोहरे के कारण बस के चालक को सड़क पर खड़ी ट्रक नहीं दिखी और जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस के परखच्चे उड़ गये। चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कुछ लोग घायल हो गये। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही तेलंगाना के सूर्यापेट पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। मृतकों में दो महिला और दो पुरूष शामिल है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। वहीं, पुलिस ने मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

# पीएम मोदी से दिल्ली में मिले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रयागराज कुंभ मेले में आने का दिया निमंत्रण

**नई दिल्ली,एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, सीएम योगी ने पीएम मोदी को प्रयागराज कुंभ मेले में आने का निमंत्रण दिया है। महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाला है, जिसमें इस साल 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

इससे पहले सीएम योगी ने 30 दिसंबर 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय प्रमुख जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलकर प्रयागराज कुंभ मेले में आने का निमंत्रण दिया था। 'कुंभवाणी' एफएम चैनल लांच इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाकुंभ 2025 से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए एफएम चैनल 'कुंभवाणी' का उद्घाटन किया। प्रसार भारती ने महाकुंभ के बारे में व्यापक जानकारी प्रसारित करने के लिए ओटीटी-आधारित कुंभवाणी एफएम चैनल लॉन्च किया है। 103.5 मेगाहर्ट्ज पर इसे सुना जा सकेगा। यह चैनल पर 10 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 5.55 बजे से रात 10.05 बजे कुंभ मेले से संबंधित प्रसारित होगी। डिजिटल महाकुंभ केंद्र का उद्घाटन इसके अलावा, सीएम योगी ने डिजिटल महाकुंभ केंद्र का उद्घाटन किया था और कहा था कि यह धार्मिक सभा की दिव्यता और भव्यता को डिजिटल रूप से प्रदर्शित करता है। इस केंद्र पर महाकुंभ, समुद्र मंथन, प्रयाग महतम और त्रिवेणी संगम की कहानियों को डिजिटल रूप से प्रदर्शित होगा। डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर कुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 3 में 60,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसे 12 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुंभ मेले से 2 लाख करोड़ रुपये तक की आर्थिक वृद्धि होने का अनुमान है। महाकुंभ के आर्थिक प्रभाव को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के आयोजन ने राज्य की अर्थव्यवस्था में 1.2 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया। इस वर्ष 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद के साथ महाकुंभ से 2 लाख करोड़ रुपये तक की आर्थिक वृद्धि होने का अनुमान है।



## अमेरिका में जन्मा एक शख्स महाकुंभ में कैसे बन गया महान बाबा

आजकल प्रयागराज संगम का नजारा कुछ और ही है। हिंदुओं के सबसे बड़ा पर्व महाकुंभ 13 जनवरी से यहां शुरू होने जा रहा है। अब वो दिन दूर नहीं, जब संगम तट पर बड़े-बड़े तंबू, नागा साधुओं का रेला और जटाएं लहराते हुए डुबकी लगाते संत देखने को मिलेंगे। यहां आने साधु-संतों की अध्यात्म से भरी जीवनशैली आम जनता के लिए हमेशा से आकर्षण का केंद्र रही है। इस बीच महाकुंभ में एक ऐसे साधु आकर्षण का केंद्र बने हैं जिनका जन्म संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यू मैक्सिको में हुआ लेकिन भारत के सनातन धर्म ने उन्हें अपनी ओर खींच लिया। हम बात कर रहे हैं न्यू मैक्सिको के एक आध्यात्मिक साधक मोक्ष पुरी बाबा की, जो प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में एक प्रमुख व्यक्ति बन गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्मे मोक्ष पुरी बाबा जूना अखाड़े से निकटता से जुड़े हुए हैं ।

## मिडिल क्लास परिवार के लिए बनाई गई अमृत भारत ट्रेन : अश्विनी वैष्णव



**चेन्नई,एजेंसी।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को चेन्नई में स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वंदे भारत रेक, अमृत भारत ट्रेन के डिब्बों और विस्टाडोम डाइनिंग कार का निरीक्षण किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, अमृत भारत ट्रेन को हमारे लो इनकम वर्ग के परिवारों के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दो ट्रेन पिछले साल जनवरी में लॉन्च भी की थीं। उसके अनुभव के आधार पर अमृत भारत का वर्जन-2 डिजाइन किया गया है, जिसमें बहुत सारे नए फीचर भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा, अमृत भारत के वर्जन-2 में कपलिंग पर ध्यान दिया गया है। इसके अलावा पैंट्री कार बनाई गई है और बर्थ्स की डिजाइन को पूरी तरह से चेंज किया गया है। साथ ही एयर विंडो के डिजाइन को भी बदला गया है। इसके अलावा ट्रेन में मोबाइल होल्डर, चार्जिंग प्वाइंट, विंडो को खोलने-बंद करने पर भी ध्यान दिया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, वंदे भारत में पहले से ही यह सुविधा मौजूद है। इसलिए वंदे भारत की तर्ज पर अमृत भारत को भी उसके मुताबिक ही डिजाइन किया जा रहा है। हमारी सरकार का पूरा फोकस गरीब और मिडिल क्लास परिवार पर है, जो इन ट्रेनों में सफर कर पाएं। अमृत भारत भारतीय रेलवे द्वारा संचालित एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन है। यह एक स्लीपर ट्रेन है, यह पुश-पुल तकनीक पर आधारित ट्रेन है। इसके दोनों तरफ इलेक्ट्रिक इंजन लगे हुए हैं, जिसमें 22 कोच हैं। अमृत भारत की गति 130 किमी प्रति घंटा है। एक बार में कुल 1,834 यात्री यात्रा कर सकेंगे। इसके अलावा इस ट्रेन के सभी कोच में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने दिसंबर 2023 में अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। दिल्ली से अयोध्या को जोड़ने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस दिल्ली से वाया गोरखपुर होकर दरभंगा तक जाती है।

## लॉस एंजिलिस में लगी आग से मचा हाहाकार, 10 लोगों की हुई मौत



**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर और उसके आसपास जंगलों में लगी भीषण आग के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। आग की चपेट में आने से कम से कम 10 हजार मकान, इमारतें और अन्य संरचनाएं जलकर राख हो चुकी हैं। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि कैनेथ नाम की नई जगह पर आग लगने और तेजी से फैलने के बाद लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का अनुरोध किया गया है। कैनेथ में बृहस्पतिवार को आग लगनी शुरू हुई थी और अब यह तेजी से फैलते हुए पड़ोसी वेंचुरा कांउटी तक पहुंच गई। कैनेथ आग से बचने के लिए आश्रय स्थल के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे एक स्कूल से सिर्फ 3.2 किलोमीटर दूर स्थित है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरेन बैस ने कहा, हमें आशंका है कि तेज हवाओं के कारण यह आग और तेजी से फैलेगी। उन्होंने पूर्वानुमान को दोहराते हुए कहा कि बृहस्पतिवार शाम से शुक्रवार सुबह तक तेज हवाएं चलेंगी। आग की चपेट में आने से कम से कम 10,000 घर, इमारतें और अन्य संरचनाएं जलकर नष्ट हो गई हैं। अधिकारियों ने आग की नई घटना होने और उसके तेजी से फैलने के बाद लोगों से आग्रह किया है।

# पशुधन के पारंपरिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण में सहयोग करें वैज्ञानिक: राष्ट्रपति मुर्मु



**नई दिल्ली,एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वैज्ञानिकों से पूर्वोत्तर की अनूठी फसलों, पशुधन और जैव विविधता से जुड़े स्वदेशी और पारंपरिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण में सहयोग का आग्रह किया है।

श्रीमती मुर्मु ने वीडियो संदेश के माध्यम से मेघालय के उमियम में स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अनुसंधान परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति के कई तरह के आशीर्वाद के बावजूद पूर्वोत्तर क्षेत्र को कृषि में अनूठी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है जो इसकी लगभग 70 प्रतिशत आबादी की आजीविका का स्रोत है। उन्होंने अनुसंधान परिसर, उमियम में पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र की कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल 100 से अधिक फसल किस्में विकसित किये जाने की सराहना की। परिसर ने सूअर की नस्लों, मुर्गी की किस्म और हल्दी की किस्म विकसित करने में भी मदद की है। धान, मक्का और बागवानी फसलों की उच्च उपज देने वाली और जलवायु-लचीली किस्मों को पेश करके, संस्थान ने खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका को बढ़ाने में मदद की है। पिछले दस वर्षों में क्षेत्र में खाद्यान्न और बागवानी फसलों का उत्पादन क्रमशः 30 प्रतिशत और 40 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, बागवानी, पशुधन और मत्स्य पालन जैसे सभी कृषि-सहबद्ध क्षेत्रों में कृषि-आधारित उद्यमों पर ध्यान केंद्रित करने से आजीविका पैदा करने और युवाओं को कृषि में बनाए रखने में मदद मिली है। पिछले पांच वर्षों में पूर्वोत्तर में कृषि-उद्यमियों में 25 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जिसमें फूलों की खेती, जैविक खेती और स्थानीय उपज के मूल्य संवर्धन में कई युवा-संचालित उद्यम शामिल हैं।

# घने कोहरे के कारण दिल्ली से चलने वाली 26 ट्रेनें हुई लेट

**एजेंसी,नई दिल्ली**



वडोदरा पुलिस ने साइबर क्राइम के बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इन आरोपियों ने एक बुजुर्ग को डिजिटल तरीके से फंसाकर उनके बैंक खाते से 90 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए थे. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. साइबर ठगों ने बुजुर्ग को डिजिटल तरीके से अरेस्ट कर लिया था. बुजुर्ग से कहा था कि तुम्हारे नाम से एक पार्सल विदेश जा रहा था, उसमें ड्रग्स मिला है. जानकारी के अनुसार, यह घटना करेलीबाग इलाके में रहने वाले रिटायर्ड बैंक कर्मचारी भूपेंद्र शाह के साथ हुई. आरोपियों ने उन्हें कॉल कर यह दावा किया कि उनके नाम से विदेश में एक पार्सल भेजा गया है, जिसमें ड्रग्स पाए गए हैं. इस बात को सुनकर भूपेंद्र डर गए और साइबर ठगों ने इसी डर का फायदा उठाया. ठगों ने डरावनी कहानी में फंसाकर बुजुर्ग से लाखों रुपये ठग लिए. जब बुजुर्ग को ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की. पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की और तकनीकी टीम की मदद से अहमदाबाद के कुबेरनगर के रहने वाले प्रशांत सारंग और नरोडा के हिमांशु वाघेला को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने जब इस मामले की जांच पड़ताल की तो सामने आया कि आरोपियों के बैंक खातों में 10 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे. इस मामले में एसीपी मयूरसिंह राजपूत ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया है. उनके खातों की विस्तृत जांच की जा रही है. पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद और भी मामलों के उजागर होने की संभावना जताई है।

## अन्ना हजारे को धोखा दिया, केजरीवाल सबसे बड़े धोखेबाज : गिरिराज सिंह

**बेगुसराय।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को बातचीत के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल खुद धोखेबाज हैं, उनसे बड़ा फर्जी कौन हो सकता है जिसने अन्ना हजारे को भी धोखा दिया। दरअसल, केजरीवाल द्वारा बिहार और यूपी के लोगों को फर्जी वोटर कहे जाने पर गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी। गिरिराज सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, जिन्हें फर्जी वोटर बता रहे हैं, उनके दम पर ही वह मुख्यमंत्री बने हैं। केजरीवाल ने इससे पहले भी पूर्वांचल के लोगों को गाली देने का काम किया। केजरीवाल ने कहा था कि यूपी-बिहार के लोग 500 रुपये का टिकट लेकर यहां पर इलाज कराने के लिए आ जाते हैं। केजरीवाल जिस थाली में खाते हैं, उसमें छेद करते हैं।

# टैक्स आतंक बने जीएसटी पर बजट में विराम लगाए मोदी सरकार: प्रियंका

**एजेंसी,नई दिल्ली**



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को आम लोगों की गृहस्थी को बर्बाद करने वाला करार देते हुए कहा कि कॉर्पोरेट को कर में भारी छूट देने की बजाय सरकार 'टैक्स-आतंक' रोके और आम जनता की लूट पर विराम लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने जीएसटी को गरीब और मध्यम वर्ग से उनकी गाढ़ी कमाई लूटने का माध्यम बना दिया है। नौ प्रकार के जीएसटी दर इसे 'अच्छा और सरल टैक्स' नहीं 'जटिल एवं बेतुका' बनाते हैं। जीएसटी जनता की खपत पर टैक्स है, पर मोदी सरकार रिकॉर्ड जीएसटी संग्रहण का जश्न मनाकर उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती है। उन्होंने कहा, कुल जीएसटी का 2/3 हिस्सा यानि 64 प्रतिशत गरीब और मध्यम वर्ग की जेब काट कर आता है, पर अरबपतियों से केवल तीन प्रतिशत जीएसटी वसूला जाता है, जबकि कॉर्पोरेट टैक्स की दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दी गई है। पहली बार अन्नदाता किसान की 36 कृषि संबंधी वस्तुओं पर जीएसटी लगाया गया है। यहाँ तक की जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी भरना पड़ता है। पिछले पांच वर्षों में आय कर वसूली में 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जीएसटी वसूली में 177 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कांग्रेस पार्टी की मांग है कि आनेवाले आम बजट में मोदी सरकार 'टैक्स-आतंक' और 'जनता की लूट' पर विराम लगाएं। श्रीमती वाड्रा ने कहा, कॉर्पोरेट को लाखों करोड़ का जीवन दान देने वाली भाजपा सरकार गरीब और मध्यवर्ग से जीवन बीमा और जीवन की बुनियादी जरूरतों पर भी टैक्स वसूल रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कुल जीएसटी का करीब 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा सबसे गरीब और मध्य वर्ग से वसूला जा रहा है जबकि सबसे ज्यादा आय वाली 10 प्रतिशत आबादी का देश के जीएसटी में योगदान सिर्फ तीन प्रतिशत है। उन्होंने कहा, कॉर्पोरेट टैक्स की दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दी और गरीब जनता से रोटी-दाल और चना-चबैना पर भी वसूली हो रही है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Office Phone.: 07727-296695 Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क.-16//
(प्रथम बार)

क्रमांक /61 /निविदा/ ग्रा.यां.से./2024-25 बलौदाबाजार, दिनांक 09/01/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 21.01.2025 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 164109 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य (मेन रोड से श्मशान घाट होते हुए बोहारडीह नाला तक) ग्राम - तेलासी, वि.ख. पलारी | 41.78 | 21.01.2025 |

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट - 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी बेबसाइट http://eproc.cgstate.gov. in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 09.01.2025 से देखी जा सकती है।

(आर.आर. महिलांगे)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां. सेवा संभाग-बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-242505255/3



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 02)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. / 17385/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2025
रायपुर दिनांक 10/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17385**
**वार्ड का नाम-14 रमण मंदिर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 14 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR223A00194 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MRS. TARUNA RATHOD पिता/पति श्री/श्रीमती DHIRAJ RATHOD के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती कुसुम लता वैद्य पिता/पति श्री/श्रीमती पिता योगराम वैद्य ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 02)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. / 17386/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2025
रायपुर दिनांक 10/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17386**
**वार्ड का नाम-36 हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 36 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR737F00291 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HARMINDER SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती AMAR SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती श्री प्रथम मंधानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता राजेश मंधानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 02)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. / 17387/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2025
रायपुर दिनांक 10/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17387**
**वार्ड का नाम-36 हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 36 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR737F00270 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HARMINDAR SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती AMAR SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती श्री प्रथम मंधानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता राजेश मंधानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 02)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. / 17392/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2025
रायपुर दिनांक 10/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17392**
**वार्ड का नाम-14 रमण मंदिर वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 14 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR223B00018 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MRS. BHAGWATI BEN पिता/पति श्री/श्रीमती RAMNIK BHAI PATEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती श्री विरेन्द्र कुमार पटेल पिता/पति श्री/श्रीमती पिता खिमजी भाई पटेल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दानपत्र / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. /17216/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 09/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17216**
**वार्ड का नाम-29-गुरू गोविंद सिंह वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 29 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR330E00041 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MRS. SHANTI DEVI पिता/पति श्री/श्रीमती LAKSHMAN DAS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01.श्री अनूप कुमार वाधवानी 02. श्री महेश वाधवानी 3. श्री संजय वाधवानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. भगवान दास वाधवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. /17265/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 09/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 17265**
**वार्ड का नाम-10-रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 10 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR227I00132 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DHARMENDRA DAGA पिता/पति श्री/श्रीमती HUKAMCHAND DAGA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री कैलाश लक्ष्मनदास तरडेजा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. लक्ष्मनदास तरडेजा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. /17319/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 09/01/2025

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र.17319**
वार्ड का नाम-57 पं.भगवतीचरण शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR447D00089 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DROPATI BAI KHEMANI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. NARAYAN DAS KHEMANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती 01.श्री कृष्णा सुंदरानी, 02.श्री कैलाश सुंदरानी पिता / पति श्री/श्रीमती 01.पति श्री मेठाराम सुंदरानी,02.पिता स्व. मेठाराम सुंदरानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर::
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./ 17359/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 10/01/2025

**// इश्तिहार //**
**नामांतरण प्र.क्र. 17359**
**वार्ड का नाम- 63 शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR455E00035 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SUNDARLAL पिता/पति श्री/श्रीमती सुकुरू लोखंडे के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1) SAROJANI FUTANE 2) LAXMI SHAMBHARKAR 3) SARLA SARADE पिता/पति श्री/श्रीमती 1) W/O JAGDISH FUTANE 2) W/O SHIVANAND SHAMBHARKAR 3) VIJAY SARADE ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / DEATH CERTIFICATE & SAPATH PATRA/ वंशानुक्रम अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

# छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज का 49वां वार्षिक अधिवेशन 4000 लोगों की उपस्थिति में होगा



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।

छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज का 49वां वार्षिक अधिवेशन 12 जनवरी को भिलाई में आयोजित होगा।

पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल व संरक्षक दाऊ डॉक्टर रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के निर्माण में छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि रायपुर के पूर्व में स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 1927 एकड़ भूमि, तेलीबांधा तालाब, तेलीबांधा बस्ती, समाज के दानवीर दो कल्याण सिंह के दान से निर्मित डी के एस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पूर्व में टीवी अस्पताल जिसमें वर्तमान में एम्स निर्मित है यह छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के दान से निर्मित हुआ है। इसके अलावा सैकड़ो मठ मंदिर धर्मशालाएं छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज ने दान की है जिसकी कई जमीनों का वर्तमान में अवैध लोगों द्वारा क्रय विक्रय किया जा रहा है इन सबको रोकने हेतु दान संरक्षण समिति अधिवेशन में बनाई जाएगी जो सभी कानूनी पहलुओं को समझते हुए समाज के संपूर्ण दान का व्यवस्थापन करेगी।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित 4000 दाऊ अग्रवालों के बीच दाऊ कल्याण सिंह जी की दानशीलता की परंपरा को आगे बढाते हुए 60 वर्ष से अधिक वर्ष के मध्यम वर्ग की सभी समाज के परिवार के लोगों के लिए 100 कमरों का वानप्रस्थ आश्रम निर्माण का संकल्प लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल व संरक्षक दाऊ डॉक्टर रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज इस बात के लिए अपने समाज के लोगों को प्रेरित करेगा कि समाज के संपन्न हुआ जो भव्यता से विवाह कार्य करते हैं अपने खर्च के कुछ अंश से अपने परिवारिक विवाह के दिन कम से कम पांच गरीब जरूरतमंद कन्याओं का ब्याह करवाये। इस हेतु वार्षिक अधिवेशन में सर्व सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी के अग्रवाल रायपुर व विशेष अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप नारायण अग्रवाल जगदलपुर व डॉक्टर जुगल किशोर अग्रवाल कोरबा को बनाया गया है।

दाऊ अग्रवाल समाज के वार्षिक अधिवेशन में शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासनिक सेवा, समाज सेवा, उद्योग खेल राजनीति आविष्कार महिला उत्थान इत्यादि क्षेत्रों में 15 अग्र अलंकरण प्रदान किए जाएंगे।

अग्रवाल समाज के पदाधिकारी ने अधिवेशन के बारे में आगे बताते हुए कहा अधिवेशन के आकर्षण में 101 लड्डू गोपाल की महापूजन वी 56 भोग सहित महा आरती कभी आयोजन किया गया है

# कौशल काव्य धारा का उद्घाटन आज



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।

साहित्य एवं समाज सेवा को समर्पित संस्था ''कौशल काव्य धारा'',रायपुर छत्तीसगढ का उद्घाटन समारोह कल दिनांक 11जनवरी को सांय 4 बजे से 8 बजे तक वृंदावन सेमिनार हाल में आयोजित किया जा रहा है. इस अवसर पर संस्था के प्रमुख संरक्षक डॉ राजाराम त्रिपाठी का उनके द्वारा 'गांडा' जनजाति पर विशेष अनुसंधान कार्य हेतु डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने तथा उच्च गुणवत्ता तथा औसत से चार गुना ज्यादा उत्पादक देने वाली एवं भारत के लगभग सभी राज्यों में सहजता से खेती करने योग्य 'काली–मिर्च' की विशेष प्रजाति 'मां दंतेश्वरी काली मिर्च–16' (MDBP–16) के विकास एवं इसे भारत–सरकार द्वारा पंजीयन किए जाने की विशिष्ट उपलब्धियों के लिए अभिनंदन तथा सम्मानित किया जायेगग । संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ जे के डागर विद्यासागर, द्वारा रचित दो पुस्तकों

1.भक्ति गीत संग्रह,,'वंदनावली' तथा

2 व्यक्तित्व विकास पर 'सफ्लता के 100 सुत्र' का विमोचन संस्था के प्रमुख संरक्षक, मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म के संस्थापक,विख्यात कृषि वैज्ञानिक एवं साहित्यकार डॉ राजाराम त्रिपाठी, विख्यात भाषाविद डॉ चितरंजन कर, आचार्य अमरनाथ त्यागी ,वरिष्ठ साहित्यकार डा सुधीर शर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर राज्य के गणमान्य कवि एवं साहित्यकारों का संबोधन और काव्य पाठ भी होगा।

संस्था के अध्यक्ष डॉ जे के डागर ने बताया कि रायपुर मे कला और साहित्य से सरोकार रखने वाले लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ रही है इसलिए नई संस्थाओं का उदय होना भी स्वाभाविक है ताकि नव कवियों को समुचित प्लेटफार्म मिल सके और साहित्य सेवा के क्षेत्र में वे अपना समुचित योगदान दे सकें।

### मुख्यमंत्री ने इंडियन वॉटर वर्क्स एसोसिएशन के अधिवेशन का किया शुभारंभ

# पानी प्रकृति का अनमोल उपहार जिसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी है: मुख्यमंत्री साय





रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

पानी प्रकृति का अनमोल उपहार है, जिसे ईश्वर ने हमें बेमोल दिया है, लेकिन हमें इसका मोल समझना होगा। आज पूरा विश्व जल संकट से जूझ रहा है। देश–दुनिया के कई शहरों में भू जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए तो जल संकट विकराल रूप धारण कर सकता है। हम सभी को पानी की एक–एक बूंद को सहेजना होगा। जल संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी है। जल प्रबंधन आज समय की मांग है। हमें आने वाली पीढ़ियों के बेहतर जीवन के लिए जल के प्रबंधन, संरक्षण के साथ ही जल स्त्रोतों के संवर्धन पर विशेष ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन के 57वें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वैश्विक जलवायु संकट के परिपेक्ष्य में जल संरक्षण और भी महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण के लिए जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान, अमृत सरोवर, मिशन अमृत और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान शुरू कर जल और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मोदी जी ने प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हर घर नल से जल योजना शुरू की। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नल कनेक्शन प्रदान किया है, जिससे लोगों के घरों में साफ पानी पहुंचने से उनका स्वास्थ्य स्तर भी सुधरा है और ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इंडियन वॉटर एसोशिएसन की स्मारिका का विमोचन किया।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश भर से आए इंजीनियर्स, जल संरक्षण के विषय विशेषज्ञ जल संरक्षण के विषय में गहन विचार विमर्श करेंगे और जल संरक्षण के लिए रणनीति तैयार करने में योगदान देंगे।

उल्लेखनीय है कि इंडियन वॉटर एसोशिएसन की मेजबानी में दूसरी बार राजधानी रायपुर में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे इस अधिवेशन में जल–360 डिग्री की थीम रखी गई है।

# विकसित छग के निर्माण के लिए हम फौलादी इच्छाशक्ति से कर रहे हैं काम : सीएम साय



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।

विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हम फौलादी इच्छाशक्ति के साथ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2030 तक 300 मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को पाने में छत्तीसगढ़ की सबसे अहम भूमिका होगी। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक उद्यमी को छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का ब्रांड एंबेसडर बनना होगा। प्रदेश के स्टील उद्योग को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए हरसम्भव सहयोग हमारी सरकार प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर के मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0 को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। हम विकसित छत्तीसगढ़ की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं केंद्रीय राज्य मंत्री था तब स्टील इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों से अक्सर मुलाकात होती रही है। श्री साय ने कहा कि 17 राज्यों से आए 1500 प्रतिनिधि यहां दो दिन स्टील उद्योग की चुनौतियों व नये अवसर पर मंथन करेंगे। मुझे विश्वास है कि यहां हुई चर्चा स्टील सेक्टर के साथ ही छत्तीसगढ़ और देश की तरक्की को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया स्टील कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन प्रदेश में स्टील उद्योग को तो प्रोत्साहित करेगा ही, एमएसएमई के लिए भी लाभकारी होगा। देशभर के उद्योग जगत के लोग छत्तीसगढ़ की इस विकास यात्रा में भागीदार होना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ में अवसर के कई द्वार अभी और खुलेंगे। जल्द ही हम लिथियम जैसी ऊर्जा खनिज के सबसे बड़े केंद्र बनेंगे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्टील उद्योग के लिए काफी अवसर हैं। हमारे पास स्टील इंडस्ट्री के लिए जरुरी खनिज जैसे लोहा ओर और कोयला के साथ ही बिजली पर्याप्त मात्रा में है। हम स्टील उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर हैं। हमें गर्व है कि हमारा प्रदेश देश की इकोनॉमी का पावर हाउस है। छत्तीसगढ़ ने अब ग्रीन स्टील की ओर भी कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि स्टील उद्योग में कई नवाचार हो रहे हैं। उत्पादन बढ़ाने के लिए आप लोग नई और एडवांस टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

# अक्षरा अमित को पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया



बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)।

कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा अक्षरा अमित को पीएचडी की उपाधि उनके शोध शीर्षक " Investing the legal status, Ethical codes and Gudidelines in Clinical and Medical Practices. पर शोध कार्य पूर्ण करने पर प्रदान की गई है. इस शोध कार्य से छत्तीसगढ़ के डाक्टरों के कानूनी मान्यताओं के तहत क्लिनिकल मेडिकल के टरमोलॉजी के आधार पर प्रेक्टिस करने में कानूनी अड़चने दूर हों सकेंगे.

अक्षरा अमित पति सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि इस शोध से दूरस्थ अंचलों में प्रेक्टिस कर रहे डाक्टरों को किन किन कानूनी अड़चनों से गुजरने पड़ते हैं उन सबसे कैसे निजात मिलेगी.शोध कार्य इन्होंने डा. प्रमेश् केशरवानी के निर्देशन् में किया है.

अक्षरा अमित ने पीएचडी के प्रेरक वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्रा और शिक्षिका माता शर्मिला मिश्रा को बताया है.

# छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ वार्षिक कैलेंडर विमोचन

बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)।



विभागीय मंत्री विजय शर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर संघ ने अपनी प्रमुख मांगों से मंत्री को अवगत कराया और कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।

इस गरिमामय कार्यक्रम में रायपुर संभाग अध्यक्ष गजेंद्र साहू, दुर्ग संभाग अध्यक्ष केवल वर्मा, रायपुर जिला अध्यक्ष पूजा वाजपेयी और योगिता साहू सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

संघ की यह पहल संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रायपुर कलेक्टर ने सीएमएचओ दफ्तर में दी दबिश



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।

रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शुक्रवार को सीएमएचओ कार्यालय में अचानक दबिश देकर कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय संचालन को व्यवस्थित करने और आम जनता को बेहतर सेवाएं देने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए।आयुष्मान शाखा को ग्राउंड फ्लोर पर स्थानांतरित करने के आदेश दिए ताकि जनता को अधिक सुविधा हो। कार्यालय के सभी दरवाजे तय समय पर खोलने का निर्देश दिया ताकि कामकाज में कोई बाधा न हो। बीते दिनों, कलेक्टर नगर निगम मुख्यालय से निकलते समय तेज आवाज में बाइक चला रहे एक युवक, अमन यादव (गुढ़ियारी निवासी) को खुद रोका।

# भाजपा नगरीय निकाय चुनाव टीम का ऐलान



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नगरीय निकाय चुनाव हेतु प्रदेश की टीम की घोषणा की। प्रदेश की टीम में कुल 10 सदस्य बनाए गए हैं। इसमें संयोजक भूपेंद्र सव्वनी होंगे। तथा अन्य सदस्यों में संजय श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री भाजपा, जगदीश रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री भाजपा, रामजी भारती प्रदेश महामंत्री भाजपा, महेश गागड़ा पूर्व विधायक भाजपा, अनुराग सिंह देव बिलासपुर संभाग प्रभारी, प्रफुल्ल विश्वकर्मा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ प्रभारी, छगनलाल मूंदड़ा प्रदेश का सदस्य, दीपक महस्के प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, अमित चिमनानी प्रदेश मीडिया प्रभारी के साथ सदस्य नियुक्त किया गया है।

# भाजपा नगर पालिका चुनाव प्रभारी में अनुभवियों को मौका

### डॉ. ओमप्रकाश देवांगन को मंदिर हसौद का प्रभारी बनाया गया

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।

प्रदेश में आने वाले दिनों में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में नगरीय निकाय चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर पालिका प्रभारी किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से प्रदेश के चार संभाग के 12 जिलों के नगर पालिका चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी का ऐलान कर दिया है। जिसमें डॉ ओमप्रकाश देवांगन को मंदिर हसौद नगर पालिका का चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

बता दें कि डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन इससे पहले दो बार बीरगांव नगर पालिका का दायित्व निभा चुके हैं। नगर निगम बनने से पहले यह दायित्व संभालते हुए डॉ. देवांगन विकासशील कार्यों को लेकर चर्चा में रहे हैं ओर समूचे क्षेत्र का एक दिशा देने का कार्य किया है। आज भी प्रदेश देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष होने के साथ कई महत्वपूर्ण दायित्वों को पूरी गंभीरता से निभा रहे हैं। यही नहीं उनके कार्यकाल में बिरगांव क्षेत्र का बहु आयामी और चौतरफा विकास हुआ था। उनके नेतृत्व को और



उनके मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने यह जिम्मेदारी डॉ. ओमप्रकाश देवांगन को दी है। वहीं रायपुर संभाग के अंतर्गत गोबरा नवापारा का प्रभारी अंजय शुक्ला को बनाया गया है। तिल्दा के प्रभारी संतोष उपाध्याय होंगे। आरंग में चंदूलाल साहू को जिम्मेवारी दी गई है। जबकि अभनपुर में रंजना साहू को यह दायित्व दिया गया है। वहीं महासमुंद जिले के अंतर्गत महासमुंद की जिम्मेदारी लक्ष्मी वर्मा । बागबाहरा की श्रीचंद सुंदरानी, सरायपाली अवधेश जैन ,बलौदा बाजार जिले में भाटापारा की जिम्मेवारी देवजी भाई पटेल, बलोदा बाजार अशोक पांडे, सिंमगा डॉ. विमल चोपड़ा , गरियाबंद जिले के अंतर्गत गरियाबंद का दायित्व किशोर महानंद को सोपा गया है। वहीं दुर्ग संभाग के अंतर्गत दुर्ग जिले के लिए घोषित टीम में अहिवारा से सचिन बघेल कुम्हारी से डॉक्टर सियाराम साहू अमलेश्वर से पूनम चंद्राकर को कार्यभार दिया गया है। इसके अलावा बालोद जिले में बालोद की जिम्मेदारी रिकेश सेन दल्ली राजहरा, संतोष अग्रवाल बेमेतरा जिले के लिए, प्रदीप गांधी राजनांदगांव जिले के अंतर्गत डोंगरगढ़ लाभचंद बाफना, कवर्धा से कवर्धा के लिए लोकेश कांवड़िया , पंडरिया से गौरीशंकर श्रीवास को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह बिलासपुर संभाग के अंतर्गत तखतपुर में दुर्गा महेश्वर , रतनपुर से डॉक्टर खिलावन साहू , बोदरी से गुलाब चंदेल को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह से गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के अंतर्गत पेंड्रा से नवीन पटेल ,गौरेला से शैलेश शिवहरे, कोरिया एवं मुंगेली से पवन गर्ग तथा लोरमी से किशोर राय को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444